हिन्दी दैनिक

# आवाज प्लस

RNI. NO.: UPHIN/2008/25919

समाज में प्रभावी आगाज़

93356 93356 /dainikawazplus www.awazplus.com

वर्ष : 01, अंक : 152, पृष्ठ संख्या : 8, लखनऊ। मंगलवार 20 दिसम्बर 2023 ऑफर मूल्य ₹ 3/-



UPDATE >>




रिपोर्ट- पेज 3

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन का 76वा वार्षिक महाधिवेशन भव्यता के साथ हुआ संपन्न




रिपोर्ट- पेज 7

भाजपा विधायकों ने वापस ली उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति को खारिज करने संबंधी याचिका



प्राकृति- 8

अपने खूबसूरत नजारों की वजह से केरल हुआ दुनिया के बेहतरीन ट्रैवल डेस्टिनेशन में शामिल

## एक नजर

### अलर्ट जारी होने बाद शहर में कोविड का पहला केस मिला



**लखनऊ।** लखनऊ में आलमबाग इलाके में एक महिला में कोरोना वॉयरस जांच में मिला है। वह होम आईसोलेशन में हैं। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने नमूना जिनोम सीक्वेंसिंग के लिए केजीएमयू भेजा गया है। अफसरों का कहना है महिला में हल्के लक्षण हैं। उसकी सेहत की निगरानी की जा रही है। कोरोना के नए वैरिएंट जेएन 1 को लेकर देशभर में अलर्ट है। चंदरनगर निवासी महिला को पिछले हफ्ते सर्दी-जुकाम व बुखार के लक्षण हुए। नजदीकी डॉक्टर से दवा ली मगर फायदा न हुआ। शक होने पर डॉक्टर ने कोरोना की जांच कराई। महिला की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. निशांत निर्वाण का कहना है कि महिला पूरी तरह से स्वस्थ है। उसमें कोरोना जैसे गंभीर लक्षण नहीं है। टीम जरिए कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग की जा रही हैं। फोन पर मरीज की सेहत का हाल लिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तीन हफ्ते पहले एक केस आया था। उसकी जीनोम भी कराया गया मगर कोई नया वैरिएंट नहीं मिला।

### बृजभूषण के करीबी के WFI अध्यक्ष बनने पर उठाया कदम

# साक्षी मलिक ने रोते हुए कुश्ती को कहा अलविदा




आवाज प्लस डेस्क

**नई दिल्ली।** भारत की अनुभवी पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव गुरुवार (21 दिसंबर) को संपन्न हुए। संजय सिंह नए अध्यक्ष बने हैं। वह पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं। पहलवानों ने इस साल बृजभूषण शरण के खिलाफ ही मोर्चा खोला था और दिल्ली के जंतर-मंतर पर धरना-प्रदर्शन किया था। अब उनके ही करीबी के अध्यक्ष बनने पर साक्षी ने संन्यास का फैसला कर लिया।

पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, ÷हम 40 दिनों तक सड़कों पर सोए और देश के कई हिस्सों से बहुत सारे लोग हमारा समर्थन करने आए। अगर बृज भूषण शरण सिंह के बिजनेस पार्टनर और करीबी सहयोगी को कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना जाता है, तो मैं कुश्ती छोड़ती हूं। हमारा समर्थन करने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। लड़ाई पूरे दिल से लड़ी। अगर अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह जैसा आदमी ही रहता है तो मैं अपनी कुश्ती को त्यागती हूं। इसके बाद साक्षी पति सत्यव्रत कादियान के साथ रोते हुए चली गई। बजरंग ने इस दौरान यह भी कहा कि उन्हें अपनी जान का भी खतरा है। उन्होंने यह भी कहा कि यह लड़ाई राजनीतिक नहीं थी। वह विश्वास दिलाते हैं कि आने वाले समय में वह किसी भी राजनीतिक पार्टी के साथ खड़े नजर नहीं आएंगे। विनेश ने कहा कि हम एक महिला अध्यक्ष चाहते थे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। साक्षी के संन्यास के बारे में जब बृजभूषण शरण सिंह से पूछा गया तो उन्होंने कहा, उससे मेरा क्या लेना-देना। संजय सिंह ने अध्यक्ष बनने के लिए राष्ट्रमंडल खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अनीता श्योराण को मात दी। बुधवार तक सर्वसम्मति से चुनाव की कोशिशें होती रहीं, लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। संजय सिंह ने दावा किया था कि उनका खेमा चुनाव में हर पद पर जीतेगा और उन्होंने खुद जीत हासिल कर इसे सच साबित किया।संजय सिंह का वाराणसी में सांस्थानिक व्यवसाय है और वह आरएसएस से जुड़े हुए हैं। माना जा रहा है कि संजय कुश्ती संघ के नीतिगत फैसलों में बृजभूषण की राय लेकर काम करेंगे। संजय की जीत के बाद भारतीय ओलंपिक संघ के परिसर में हर हर महादेव, जय श्रीराम के नारे लगे। संजय के समर्थकों ने उन्हें कंधे पर बिठाकर संजय भइया क्या लेकर चले, बृजभूषण की खड़ाऊं साथ लेकर चले, के नारे लगाए। यह सिलसिला बृजभूषण के आवास पर पहुंचने के दौरान भी जारी रहा।

### एमपी के सीएम को पांच मत मिले

चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर पूर्व पहलवान जयप्रकाश (37), असित कुमार साहा (42), दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पहलवान करतार सिंह (44), एन फोनी (38) को जीत मिली। उत्तराखंड के सत्यपाल सिंह देशवाल ने कोषाध्यक्ष पद पर जम्मू कश्मीर के दुष्यंत शर्मा को 34-12 से हराया। चुनाव में उपाध्यक्ष पद पर मध्य प्रदेश के मुख्य मंत्री डॉ. मोहन यादव भी खड़े हुए, लेकिन उन्हें पांच मत ही मिले।

### संजय सिंह को मिले 40 मत



**नई दिल्ली।** कुश्ती संघ के चुनाव में दांव पर लगे 15 पदों में से 13 पर बृजभूषण समर्थित उम्मीदवारों ने जीत हासिल की। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष वाराणसी के संजय सिंह को 40 वोट मिले, जबकि उनके सामने खड़ीं राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता पहलवान अनीता श्योराण को सात मत पड़े। अनीता को आंदोलनकारी बजरंग, विनेश और साक्षी का समर्थन प्राप्त था। हालांकि आंदोलनकारी पहलवानों के खेमे के माने जा रहे रेलवे स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सचिव प्रेमचंद लोचब और वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर हरियाणा के व्यवसायी देवेंद्र सिंह कादियान ने जीत हासिल की। प्रेमचंद ने दर्शन लाल को 27-19 से और देवेंद्र ने आईडी नानावती को 32-15 मतों से हराया। इन दोनों की जीत से यह भी साबित हुआ कि बृजभूषण और आंदोलनकारी पहलवानों के खेमे के बीच सुलह फार्मूला पर भी काम हुआ, लेकिन बृजभूषण खेमा अध्यक्ष पद छोड़ने को राजी नहीं हुआ। इसी पर बात बिगड़ गई।

### बुलडोजर पहुंचा तो छलके आंसू

## अकबरपुर में दुकान व मकानों पर बुलडोजर चलाने पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

आवाज प्लस डेस्क



**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने अकबरपुर में दुकान व मकानों को ढहाने की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए अगले चार सप्ताह तक यथास्थिति बहाल रखने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 22 जनवरी को होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से बृहस्पतिवार को शहर के अकबरनगर निवासियों को बड़ी राहत मिली। कोर्ट ने अकबर नगर एक व दो में एलडीए की ध्वस्तीकरण कारवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने एलडीए को आदेश दिया कि वहां के लोगों को पुनर्वास योजना में आवेदन करने को समय दे। विस्थापित होने वालों के पुनर्वास की करवाई पूरी होने के बाद ही उनके खाली होने वाले परिसरों का कब्जा लिया जाए। इसके लिए 4 सप्ताह का समय देकर कोर्ट ने तबतक वहां ढहाने की करवाई पर रोक लगा दी। कोर्ट ने मामले में एलडीए व अन्य पक्षकारों को जवाब दाखिल करने का समय देकर अगली सुनवाई 22 जनवरी की नियत की है। कोर्ट ने टिप्पणी की कि निवासियों के जीवन की स्वतंत्रता और जीविका के अधिकार का उल्लंघन न किया जाय।

## मां बनने की चाहत में लूटी महिला की अस्मत

आवाज प्लस डेस्क



**अलीगढ़।** मां बनने की चाहत में तांत्रिक के झांसे में आई एक 28 वर्षीय महिला अपनी अस्मत गंवा बैठी। अगले दिन पति संग थाने पहुंची महिला ने पुलिस से शिकायत की तो तांत्रिक ने रुपयों का लालच देकर मामले को रफा दफा करने की पेशकश की। लेकिन महिला और उसके पति ने प्रस्ताव ठुकराते हुए मुकदमा दर्ज करा दिया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी तांत्रिक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### पुंछ में सैन्य वाहन पर घात लगाकर आतंकी हमला

# चार जवानों का बलिदान

## दोनों ओर से गोलीबारी जारी

आवाज प्लस डेस्क




**जम्मू।** पुंछ जिले के बफलियाज इलाके के सावनी क्षेत्र में वीरवार की शाम आतंकियों के घात लगाकर दो सैन्य वाहनों पर किए गए हमले में चार जवान बलिदान हो गए, जबकि तीन जवान घायल भी हुए हैं। दहशतगर्दो ने पहले ग्रेनेड दागे, फिर अंधाधुंध गोलियां बरसाई। हमले के तत्काल बाद जवानों ने मोर्चा संभालते हुए मुंहतोड़ जवाब दिया। इससे मुठभेड़ जारी है। घटना राजोरी-थन्नामंडी-सुरनकोट रोड पर सावनी इलाके में शाम करीब 3.45 बजे की है। बताते हैं कि डेरा गली से बफलियाज की ओर से 48 राष्ट्रीय राइफल्स के दो वाहन आ रहे थे। इनमें एक जिप्सी तथा दूसरा ट्रक था। राजोरी-थन्नामंडी-सुरनकोट रोड पर सावनी इलाके में पहले से घात लगाए आतंकियों ने सैन्य वाहन देखते ही पहले ग्रेनेड दागा। इससे दोनों वाहनों के रुकते ही आतंकियों ने चारों ओर से घेरकर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। आतंकियों की संख्या चार से छह बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि सैन्य वाहन से बफलियाज इलाके से जवानों को लाया जा रहा था जहां बुधवार रात से घेराबंदी एवं तलाशी अभियान चल रहा था। जम्मू में सैन्य प्रवक्ता ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर बुधवार रात संयुक्त तलाशी अभियान चलाया गया था।

आतंकियों से वीरवार की शाम संपर्क स्थापित होने के बाद मुठभेड़ जारी है। अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर भेजा गया है। हमले के तत्काल बाद पूरे इलाके को सेना ने घेर लिया। अतिरिक्त बल ने मौके पर पहुंचकर मोर्चा संभाल लिया है। सूचना मिलते ही सेना तथा पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए हैं।

## लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पास हुए तीनों क्रिमिनल बिल

# अमित शाह बोले- नहीं रहेगा तारीख पर तारीख का जमाना

आवाज प्लस डेस्क



**नई दिल्ली।** नए बिल में कई मामलों जैसे रेप, देशद्रोह आदि में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं, अब नए बिल में झूठे वादे कर के संबंध बनाने वालों पर भी कार्रवाई की बात कही गई है।

राज्यसभा में तीनों क्रिमिनल बिल भारतीय न्याय संहिता, भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य बिल आज पास हो गए हैं। बुधवार को ये तीनों बिल लोकसभा से पास हो चुके हैं। अब इन्हें मंजूरी के लिए राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद ये तीनों बिल कानून बन जाएंगे। वहीं, बिल पास होते ही राज्यसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। बता दें कि नए बिल में कई मामलों जैसे रेप, देशद्रोह आदि में कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। वहीं, अब नए बिल में झूठे वादे कर के संबंध बनाने वालों पर भी कार्रवाई की बात कही गई है। राज्यसभा में बिलों पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, ''जो लोग सदन के बाहर पूछते हैं कि इस कानून से क्या होगा? मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ये कानून वैलेंस ऑफ वर्क को ध्यान में रखकर लाए गए हैं। इसे लागू होने के बाद तारीख पर तारीख का जमाना नहीं रहेगा। किसी भी मामले में 3 साल में न्याय दिलाने का उद्देश्य है। जो कहते हैं कि नए कानूनों की जरूरत क्या है, उनको स्वराज का मतलब नहीं पता, इसका मतलब स्व शासन नहीं है। इसका मतलब स्व धर्म, भाषा, संस्कृति को आगे बढ़ाना है। गांधी जी ने शासन परिवर्तन की लड़ाई नहीं लड़ी, उन्होंने स्वराज की लड़ाई लड़ी। आप 75 साल से 60 साल में सत्ता में बैठे, लेकिन स्व को लगाने का काम नहीं किया। ये काम मोदी जी ने किया।'' नए बिल के अनुसार, झूठे वादे या पहचान छुपाकर यौन संबंध बनाना अब अपराध की श्रेणी में आएगा। ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलेगी। इसके अलावा अब गैंगरेप में 20 साल और नाबालिग से दुष्कर्म पर मौत या आजीवन कारावास तक की सजा मिलेगी। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मॉब लिंचिंग घृणित अपराध है और हम इस कानून में मॉब लिंचिंग अपराध के लिए फांसी की सजा का प्रावधान कर रहे हैं। उन्होंने विपक्ष से पूछा कि आपने भी वर्षों देश में शासन किया है, आपने मॉब लिंचिंग के खिलाफ कानून क्यों नहीं बनाया? अमित शाह ने कहा कि आतंकवाद की व्याख्या अब तक किसी भी कानून में नहीं थी। पहली बार अब मोदी सरकार आतंकवाद को व्याख्यायित करने जा रही है जिससे इसकी कमी का कोई फायदा न उठा पाए। राजद्रोह जैसे अंग्रेजों के काले कानून को समाप्त कर दिया गया है। इसकी जगह देशद्रोह कानून लाया गया है। देश के खिलाफ बोलना गुनाह होगा। सशस्त्र विद्रोह करने पर जेल होगी। नए कानून के तहत हिट एंड रन मामले में आरोपी को 10 साल की सजा होगी। वहीं, अगर एक्सीडेंट करने वाला शख्स, घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचाता है तो उसकी सजा कम कर दी जाएगी।

# छत्तीसगढ़ मंत्रिमंडल का विस्तार आज



आवाज प्लस डेस्क

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद मंत्रिमंडल के विस्तार को लेकर लोग लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। अब इंतजार की घड़ियां खत्म हो चुकी हैं। कल यानी शुक्रवार को दोपहर 12 बजे से सीएम विष्णुदेव के नए मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। इस बात का एलान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने खुद किया है। साय कैबिनेट का शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में आयोजित किया जाएगा। कुल 9 विधायकों को राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन मंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। सीएम विष्णुदेव साय ने आज यानी गुरुवार को मीडिया से चर्चा में कहा कि नौ विधायकों को नए मंत्रिमंडल में शामिल करने के साथ शुक्रवार को कैबिनेट का विस्तार किया जाएगा। बहुत जल्द ही विभागों का भी बंटवारा होगा। इसके बाद एक और कैबिनेट का विस्तार होगा, जिसमें एक विधायक को मंत्री पद की शपथ दिलाई जाएगी। संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक, छत्तीसगढ़ में सीएम समेत अधिकतम 13 मंत्री हो सकते हैं। वर्तमान में साय कैबिनेट में तीन सदस्य हैं। इसमें मुख्यमंत्री साय और दो डिप्टी सीएम क्रमशः अरुण साव और विजय शर्मा शामिल हैं, जिन्होंने राज्य में बीजेपी का सरकार बनने के बाद 13 दिसंबर को शपथ ली थी। 7 और 17 नवंबर को हुए विधानसभा चुनावों में भाजपा कांग्रेस को हराकर राज्य की सत्ता में आई है। नतीजे 3 दिसंबर को घोषित किए गए थे। भाजपा ने 90 सीटों में से 54 सीटें जीतीं थी जबकि कांग्रेस 35 सीटों पर सिमट गई, जो साल 2018 विधानसभा चुनाव में जीती गई 68 सीटों से कम है।

## लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के चयन के लिए स्क्रीनिंग कमेटी जल्द: कांग्रेस

# CWC बैठक में राहुल की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने को हरी झड़ी

आवाज प्लस डेस्क

**नई दिल्ली।** कांग्रेस कार्यसमिति ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देने का फैसला करते हुए विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को भाजपा-एनडीए के खिलाफ एक प्रभावी ढाल और ताकत बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने का एलान किया है। हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों के विधानसभा चुनावों में पार्टी के खराब प्रदर्शन से सबक लेते हुए कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के चयन के लिए जल्द स्क्रीनिंग कमेटी और चुनाव घोषणापत्र समिति बनाने का भी निर्णय लिया है। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव में पार्टी के चुनावी अभियान को बड़ा आयाम देने के लिए कार्यसमिति ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण शुरू करने के लिए भी हामी भर दी है। देश के पूर्वी हिस्से से पश्चिमी भारत तक की राहुल गांधी की यह यात्रा आमचुनाव में कम समय को देखते हुए हाइब्रिड स्वरूप में होगी। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई कार्यसमिति की बैठक में मध्य प्रदेश और राजस्थान में पार्टी की हार को लेकर हुई गहन समीक्षा के दौरान कमलनाथ तथा अशोक गहलोत समेत पार्टी के वरिष्ठ रणनीतिकारों पर सवालों के तीर भी दागे गए।




आईएनडीआईए की बैठक के दो दिन बाद हुई कार्यसमिति की बैठक में पारित प्रस्ताव में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए जल्द से जल्द पूरी तरह से तैयार होने का दृढ़ संकल्प व्यक्त करते हुए कहा गया कि एक पार्टी ही नहीं, बल्कि आईएनडीआईए के सदस्य के रूप में हम दोहराते हैं कि भाजपा और उसके सहयोगियों के खिलाफ एक प्रभावी ढाल और ताकत बनाने के लिए कांग्रेस सभी आवश्यक कदम उठाएगी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में चार घंटे तक चली इस बैठक में अधिकांश चर्चा 2024 की चुनावी तैयारियों और हिन्दी पट्टी के तीन राज्यों में हार पर केंद्रित रही।

कार्यसमिति की बैठक के बाद पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने पत्रकार वार्ता में लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के चयन के लिए इसी महीने स्क्रीनिंग कमेटी और अगले दो दिनों में चुनाव घोषणापत्र समिति बनाए जाने की घोषणा की। बैठक के दौरान विधानसभा चुनाव के नतीजों को लेकर प्रदेश के प्रभारी महासचिवों की ओर से विस्तृत रिपोर्ट रखे जाने और इस पर चर्चा की पुष्टि करते हुए कहा कि हम मानते हैं कि नतीजे हमारे उम्मीद के मुताबिक नहीं रहे, लेकिन मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पार्टी का वोट प्रतिशत कायम है और लोकसभा चुनाव के लिए चिंता की बात नहीं है। आम चुनाव की तैयारियों को रफ्तार देने के लिए जनवरी महीने से राज्य स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन शुरू हो जाएंगे जिसमें कांग्रेस अध्यक्ष और तमाम वरिष्ठ नेता भी जाएंगे।

कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पारित प्रस्ताव में आर्थिक असमानताएं बढ़ने, आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छूने और नौकरियों का अकाल पड़ने से युवाओं के परेशान होने की बात उठाते हुए कहा गया कि प्रधानमंत्री के दावों और हकीकत में जमीन आसमान का फर्क है। सामाजिक ध्रुवीकरण को चुनावी लाभ के लिए जानबूझकर खतरनाक ढंग से प्रोत्साहित किया जा रहा है। लोकतंत्र खतरे में है और संविधान के तहत नागरिकों को जो स्वतंत्रता मिली हुई है, उस पर आक्रमण हो रहे हैं। आज ये सब कुछ दांव पर है, ऐसे में कांग्रेस नेता एकजुट होकर लोकसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए संकल्प के साथ मैदान में उतरें। बैठक में अयोध्या में बन रहे राम मंदिर का मुद्दा भी उठा। इसमें कहा गया कि भाजपा इसे लोकसभा चुनाव में भुनाने का प्रयास करेगी, ऐसे में हमें भी अपनी पूरी तैयारी रखनी होगी। कार्यसमिति की इस बैठक में खरगे और राहुल के अलावा पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी समेत कुल 76 सदस्य मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, इन चुनाव नतीजों की समीक्षा के क्रम में शशि थरूर ने कहा कि कांग्रेस और विपक्ष, दोनों एक नई चुनौतियों के चुनावी दौर का सामना कर रहे हैं और ऐसे में जिन्हें उम्मीदवार बनाना है, उन्हें कम से कम तीन महीने पहले बता देना चाहिए। खरगे ने बैठक के अपने अध्यक्षीय संबोधन में ही राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के लिए पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं के साथ जनता की ओर से आ रही मांग का मुद्दा रखा।

# अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के पास अशर्फी भवन के पास अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेन्टर/प्रेस क्लब बनकर तैयार हो गया: डॉ मुरलीधर सिंह

आवाज प्लस डेस्क



**अयोध्या।** जनपद मुख्यालय अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के पास अशर्फी भवन के पास अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेन्टर/प्रेस क्लब बनकर तैयार हो गया है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय खण्ड द्वारा किया गया था। इसकी औपचारिक कार्य अवशेष थे जो उसके अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्ण हो गये है तथा श्री राम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को निश्चित किया गया है इसके पूर्व में पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए इसको चालू किया जाना आवश्यक है। इसके क्रम में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह द्वारा मीडिया सेन्टर के प्रभार देने हेतु कर्मचारी तैनात करने हेतु मा0 सूचना निदेशक, मा0 प्रमुख सचिव सूचना को अनेको पत्र लिखा जा चुका है लेकिन अभी तक कोई कर्मचारी की तैनाती नहीं हुई है क्योंकि मण्डलीय सूचना कार्यालय से नवनिर्मित मीडिया सेंटर अयोध्या की दूरी लगभग 15 किमी0 है तथा सूचना विभाग में कुल स्वीकृत पत्र 13 के विपरीत मात्र 3 लोग तैनात है इसलिए उपनिदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर इसके औपचारिक हैंडओवर की कार्यवाही जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में वरिष्ठ अधिकारियों मा0 मण्डलायुक्त, मा0 पुलिस महानिरीक्षक, मा0 जिलाधिकारी, मा0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मा0 नगर आयुक्त तथा मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में किया जायेगा। इस बाबत लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अभियन्ता को इस बाबत आज पत्र लिख दिया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि मीडिया सेंटर के संचालन हेतु मा0 मुख्यमंत्री के अनुमोदन से उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव सूचना द्वारा सूचना अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या 1025 दिनांक 06 दिसम्बर 2021 द्वारा मा0 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें पदेन सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पदेन सदस्य नगर आयुक्त के अलावा 02 इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठता के अनुसार मान्यता प्राप्त पत्रकार तथा 02 प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार तथा जिला स्तर ग्रामीण पत्रकार के पदाधिकारी सदस्य के रूप में रहेंगे तथा जिला सूचना अधिकारी/सहायक सूचना निदेशक/उप निदेशक सूचना इसके सदस्य संयोजक होंगे। हैंडओवर के बाद औपचारिक समिति का गठन जनवरी माह में किया जाएगा, क्योंकि 31 दिसम्बर के बाद मान्यता प्राप्त पत्रकार के नवीनीकरण की प्रक्रिया 29 फरवरी 2024 तक चलेगी। इस मीडिया सेन्टर में प्रत्येक कार्यक्रम के लिए जैसे-प्रेसवार्ता, गोष्ठी आदि हेतु सूचना विभाग द्वारा बुकिंग किया जायेगा। सूचना विभाग के वेबसाइट पर जिला स्तर पर गठित समिति के सामने आवेदन करना होगा, जिसमें प्रत्येक कार्यक्रम के लिए 2000/रुपये का शुल्क देना अनिवार्य होगा तथा यह धनराशि भवन के रखरखाव हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक में पृथक से खाता खोलकर उपयोग की जायेगी। शासनादेश दिनांक 06 दिसम्बर 2021 का संलग्न है। इसमे सभी से उपनिदेशक डा मुरलीधर सिंह ने सहयोग की अपील की है तथा नये मीडिया सेंटर के लिए बधाई दी है।

## मरीज की खरीद-फरोख्त करने वाले पांच एंबुलेंस माफिया पर लगा गैंगस्टर

**गोरखपुर।** फर्जी अस्पताल खोलकर मरीजों की जिंदगी से खेलने वालों पर गैंगस्टर के बाद अब पुलिस ने एंबुलेंस माफिया पर कार्रवाई की है। बुधवार को पुलिस ने डीएम के अनुमोदन के बाद मेडिकल कॉलेज से मरीज की खरीद-फरोख्त कर नर्सिंग होम तक पहुंचाने वाले पांच एंबुलेंस माफिया पर गैंगस्टर का केस दर्ज कर लिया। उधर, आरोपी आसिफ को पुलिस ने बुधवार की शाम हिरासत में ले लिया, जिसे लेकर परिजनों ने मेडिकल कॉलेज पर हंगामा किया, लेकिन पुलिस ने लाठी पटककर उन्हें खदेड़ दिया। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के आदेश पर पुलिस ने एएसपी मानुष पारिक की देखरेख में जांच की थी। फिर पूरा मामला खुलने के बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। अब पुलिस ने चिलुआताल के फत्तेपुर डीहवा निवासी रिजवान, रियासुद्दीन, मोहम्मद अक्सीम, आसिफ अली उर्फ गोलू, चिलुआताल, मिर्जापुर

# अयोध्या में मुख्यमत्री योगी आदित्यनाथ का आगमन 21 को

आवाज प्लस डेस्क



**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी का दिनांक 21 दिसम्बर 2023 को लगभग साढ़े चार घंटे के लिए अयोध्या भ्रमण हो रहा है। उल्लेखनीय है मा0 मुख्यमंत्री जी दिनांक 02 दिसम्बर को अयोध्या एयरपोर्ट का निरीक्षण करने हेतु केन्द्रीय मंत्रियों के साथ आये थे इस माह में इनका दूसरा भ्रमण है। मा0 मुख्यमंत्री लगभग 11 बजे रामकथा हेलीपैड पर आ रहे है आप श्री हनुमानगढ़ी, श्रीराम जन्मभूमि परिसर में दर्शन पूजन करने के पश्चात स्थलीय निरीक्षण करेंगे तथा सर्किट हाउस में अल्प प्रवास के बाद आयुक्त कार्यालय में लगभग 1:30 बजे से विकास कार्यो एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा करेंगे तथा अगले चरण में संतों के साथ बैठक कर लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे। इस सम्बंध में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश शासन द्वारा जारी किया गया है। पत्रकार साथियों के कवरेज आदि के लिए पूर्व की भांति सोशल मीडिया व्हाटसअप ग्रुप के माध्यम से फोटो एवं सूचनाएं प्रदान की जायेगी यह जानकारी उप निदेशक सूचना अयोध्या एवं मुख्यमंत्री मीडिया सेन्टर प्रभारी लोक भवन लखनऊ डा0 मुरलीधर सिंह (7080510637) ने बताया है कि इस कार्यक्रम के लिए अलग से कोई मीडिया पास जारी नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री जी के साथ सूचना विभाग की फोटो/वीडियो टीम तथा एएनआई टीम आ रही है जो पल-पल की सूचनायें उपलब्ध करायेगी तथा आप लोगो को सूचनाये देगी। मीडिया कर्मी अपने अपने संस्थान के परिचय पत्र/मान्यता कार्ड के आधार पर सूचनायें सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर मजिस्टेट्ट एवं पुलिस अधिकारियों से समन्वय कर कवरेज कर सकते है। जैसे ही वरिष्ठ अधिकारियों मुख्यमंत्री/ मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी आदि से जो सूचनायें प्राप्त होगी आप लोगों को जानकारी दी जाती रहेंगी तथा मैं आप लोगों की सेवा में उपलब्ध रहूंगा।

## एक नज़र

### फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग में रोजगार के असीम अवसर: अमित कुमार

अवध विवि के फार्मेसी संस्थान में आयोजित हुआ व्याख्यान

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता फार्मा सेक्टर उत्तर प्रदेश के जोनल अधिकारी अमित कुमार पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग में रोजगार की असीम संभावनाएं है। इस दिशा में विद्यार्थियों को प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उच्चतम फार्मा कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के लि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की जानकारी रखनी आवश्यक है। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो0 शैलेंद्र कुमार, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ0 अनिल कुमार एवं डॉ0 सिंधु सिंह तथा फार्मेसी विभाग के शिक्षक डॉ0 विमल कुमार, डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 अंकुर श्रीवस्तव, डॉ0 विष्णु प्रसाद यादव, विनीत कुमार, कुनाल व दीपा यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 22 को

**कृष्ण मोहन मिश्र**

**सीतापुर।** राजकीय कॉलेज सांडा स्थित खेल मैदान में 22 दिसंबर को विकास खंड स्तरीय ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। खेल-कूद में अपनी पहचान बनाने का सपना देखने वाली पुरुष वर्ग व महिला वर्ग दोनों ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के लिए खुली ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 22 दिसंबर को किया जाएगा। जिसमें हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों को विभिन्न खेलों के बारे में काफी कुछ सीखने का मौका भी मिलेगा। विजेता प्रतिभागियों को प्रदेश स्तर तक खेलने का मौका भी मिलेगा। जिसमें लंबीकूद, दौड़, कुश्ती आदि पारंपरिक खेल आदि खेले जाएंगे। प्रतिभाग जिसके व्यक्तिगत व टीम के साथ ही हिस्सा बन सकेंगे। यह जानकारी क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्याम जी यादव ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को सुबह नौ बजे अपने आधार कार्ड की छायाप्रति के साथ मौजूद रहना पड़ेगा।

### अयोध्या में रेलवे बोर्ड सदस्य ने लिया जायजा

**अयोध्या।** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा पहुंची अयोध्या । उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों के साथ बैठक किया । इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रेलवे के द्वारा दी जाने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर चला मंथन का दौर शुरू है । उन्होने बताया कि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निकट के सभी स्टेशनों की गई समीक्षा । प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनो को लेकर बैठक में चला मंथन । अयोध्या पहुंची रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि अयोध्या एरिया का किया गया है निरीक्षण । 22 जनवरी के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की है उम्मीद, आने वाले श्रद्धालु और प्रेरकों के सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की की जा रही है समीक्षा । उन्होंने बताया कि अयोध्या क्षेत्र में सभी रेलवे स्टेशनों और रेलवे ट्रैक का चल रहा है अपग्रेशन, रेलवे ट्रैक के डबलिंग का कर चल रहा है कार्य । उन्होने बताया कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम पर कहा कि अभी चल रही है वार्ता फाइनल होने पर किया जाएगा सूचित । उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ज्यादा से ज्यादा ट्रेने चलाने की है तैयारी । इसके लिए रेलवे ट्रैक पर चल रहा है कार्य । इसलिए अयोध्या धाम में कुछ ट्रेन टेंपरेरी की गई है बंद है । उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग को किया जा सकता है हैंडओवर । प्राण प्रतिष्ठा के लिए चालू की जाने वाली सभी स्पेशल ट्रेन की जाएगी अनाउंस, बुकिंग फुल होने के बाद यदि ट्रैक होगा अवेलेबल तो और भी चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन।

### थल सेनाध्यक्ष ने किया दर्शन

**अयोध्या।** भारतीय थल सेना के अध्यक्ष ने किया अयोध्या में दर्शन पूजन । इस अवसर पर उन्होंने रामलला हनुमानगढ़ी पर किया दर्शन और पूजन, प्रथम पाली में दर्शन के लिए पहुंचे थे भारतीय थल सेना के अध्यक्ष, जनरल मनोज पांडे । उन्होंने निर्माणाधीन राम मंदिर का भी अवलोकन किया और लगभग 1 घंटे राम जन्मभूमि परिसर में रहे।

### कृषि विवि में पुरातन छात्र संगठन का वार्षिक सम्मेलन 24 से

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पुरातन छात्र संगठन का वार्षिक सम्मेलन 24 व 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय की कमेटी हाल में गठित समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर कुलपति ने कई मुद्दों पर चर्चा की। पुरातन छात्र संगठन के वार्षिक सम्मेलन में लगभग 400 पुराने छात्र-छात्राओं का जमावड़ा लगेगा। यह सभी पूर्व के छात्र अपने-अपने विचारों को साझा करेंगे साथ ही साथ संगठन की मजबूती पर भी चर्चा होगी। कुलपति ने कल्पना के अनुसार पुरातन छात्रों को समाज सेवा में आने के लिए कहा एवं विश्वविद्यालय विकास में अपना सहयोग देने की बात कही। कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पूंजी पुरातन छात्र होते हैं जो समाज में संस्थान की शुरुआत से लेकर ही प्रगति, उत्थान एवं उनके प्रयासों के उदाहरण होते हैं। बैठक के दौरान कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह, पुरातन छात्र संगठन

# अवध विवि में एक दिवसीय नेत्र स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

आवाज प्लस डेस्क




**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में स्थापित क्यू क्लब में सिफ्सा लखनऊ एवं एनएचएम उत्तर प्रदेश के तहत एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर का शुभारंभ नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश सिंह एवं प्राचार्य प्रो0 ज्ञानेंद्र कुमार राजर्षि दशरथ ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, अयोध्या, डॉ एके सिंह सीएमएस, डॉ पंकज बर्नवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं संजय यादव द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज बर्नवाल ने लगभग 70 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों के आंखों की जांच की तथा आंखो का परीक्षण किया। इसमें 60 पर्सेंट लोगों में दूर दृष्टि एवं कुछ में निकट दृष्टि की भी समस्या पाई गई। वहीं कुछ लोगों की आंखों में पानी आने की शिकायत मिली। विशेषज्ञ द्वारा उन्हें दवाई लेने और चश्मा लगाने की सलाह दी । नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश ने बताया कि शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें होती है इसलिए इसकी सुरक्षा जरूरी है। डॉ0 पंकज ने आंखों की बनावट, साफ सफाई और सुरक्षा के उपाय से अवगत कराया। शिविर का संचालन डॉ0 प्रज्ञा पांडे ने किया। इस शिविर में डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, डॉ0 त्रिलोकी यादव, स्वतंत्र त्रिपाठी पल्लव सीमा तिवारी, विवेक सिंह, संध्या सिंह अंकुर वर्मा, राजेश कुमार, अभिषेक वर्मा, आदित्य सिंह संतोष कौशल, विशाल, मो0 अजीम, संजय मिश्रा, अंजली भारती, शीतल, प्रज्ञा तिवारी, अरुणा, कुमारी अनुष्का, आकांक्षा, साक्षी माथुर, समृद्धि सिंह, अनुपमा, कुसुम वर्मा, पिंकी यादव, रुचि यादव सहित अन्य की उपस्थित रही।

# खेलों से बढ़ता है बच्चो का आत्मविश्वास-अयोध्या महापौर

आवाज प्लस डेस्क

**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा परिषद की जनपदीय रैली का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया, मुख्य अतिथि महापौर जिला पंचायत अध्यक्ष ,नगर विधायक का शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय,वित्त लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह,नोडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने महापौर ,जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने मैदान पर गुब्बारे छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रारंभ कराया,मुख्य अतिथि के सामने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ 100/50 मीटर की दौड़ का खेल कराया गया।प्रतियोगिता शुभारंभ के अवसर पर महापौर गिरीशपति ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और आपसी प्रतिस्पर्धाओं से बच्चों में अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है,खेल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं और यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बालक और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है ऐसी प्रतियोगिताओ से बच्चों में खेल भावना के साथ ही सामुदायिक और सहयोगात्मक भावना का भी विकास होता है।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बच्चे खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की जरूरत है जिससे बच्चे देश का नाम रोशन कर सकें,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी,प्राशिसंघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह,जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा,महामंत्री चक्रवर्ती सिंह,कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संयोजक अजीत सिंह,अटेवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह,एआरपी संघ के संरक्षक डा नीरज शुक्ला पीएसपीएस प्रांतीय संयोजक पंकज यादव, मनोरमा साहू जिलाध्यक्ष, नोडल अधिकारी राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव, केपी सिंह,अतुल वर्मा, अख्तर अहमद खां, विनोद यादव, राज नारायण सिंह, धर्मवीर चौहान, अवधेश यादव, अनुज सिंह, राजन श्रीवास्तव, गौतम तिवारी , रामजी द्विवेदी, आशुतोष पटेल, अखण्ड प्रताप सिंह, आदित्य शुक्ला,आयुष सिंह प्रदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

# मॉडल शॉप में चेहरे पर शराब फेंकने को लेकर मारपीट, युवक का सिर फटा

आवाज प्लस डेस्क



**गोरखपुर।** एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मारपीट में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

गोरखपुर में कैंट इलाके के सिविल लाइन में स्थित मॉडल शॉप में बुधवार रात साथ बैठकर शराब पी रहे युवकों में मारपीट हो गई। आरोप है कि एक युवक ने साथी के चेहरे पर शराब फेंक दी। मारपीट में नौसड़ के रहने वाले अखिलेश का सिर फट गया। घटना के बाद मॉडल शॉप कैंटीन संचालक ताला बंद कर फरार हो गया और घायल युवक वहीं तड़पता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाकर युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। नौसड़ निवासी अखिलेश बुधवार को साथियों के साथ मॉडल पर गया था। रात 9-30 बजे अखिलेश कुछ देर के लिए बाहर निकल गया। लौटकर भीतर गया तो उसकी शराब की गिलास साथी ने गिरा दी थी। बताया जा रहा है इसी का विरोध करने पर साथी ने उसके चेहरे पर शराब फेंक दी और मारपीट शुरू हो गई। अखिलेश के घायल होने पर अंदर बैठे अन्य युवक फरार हो गए। मॉडल शॉप के कर्मचारी भी गेट बंद कर दिए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट खुलवाया और घायल अखिलेश को अस्पताल भेजा और उसके परिजनों को भी सूचना दी। पुलिस को सूचना न देने और पीड़ित को अंदर बंद कर देने के मामले में दो कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मारपीट में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# एडीजी ने अयोध्या में लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा



संवाददाता

**अयोध्या।** अयोध्या के मंदिरों में दर्शन पूजन जाने के लिए मार्गो पर लगाई जाएगी निर्देश पट्टिका, विभिन्न भाषाओं में लगाई जाएगी निर्देश पट्टिका, दक्षिण भारत के भाषा में भी लगाई जाएगी निर्देश पट्टिका । अयोध्या पहुंचे एडीजी जोन पियूष मोर्डिया ने दी जानकारी । इस अवसर पर पीयूष मोर्डिया ने कहा कि अयोध्या के मंदिरों की तरफ जाने वाले मार्गो को चिन्हित कर उन मार्गो पर यथासंभव यथा आवश्यकता श्रद्धालुओं के चलने के लिए योजना बनाई गई है । उन्होंने बताया कि जिस मार्ग से पैदल यात्री जा सके, उन मार्गो पर वाहनों को जाने से रोका जाए, यह भी निर्धारित किया जा रहा है, जहां पर वाहनों के आने की आवश्यकता है वे उस प्रकार से आए की अन्य लोगों का आना-जाना बाधित न हो, जिन मार्गो पर जिस प्रकार की आवश्यकता है उसे उस प्रकार की योजना बनाई जा रही है । उन्होंने बताया कि कुछ मार्गो पर ई-रिक्शा को किया जाएगा बैन, मंदिरों के मार्गो पर लगाए जाएंगे निर्देश पट्टिका, श्रद्धालुओं को मंदिर जाने में दिक्कत ना हो इसलिए विभिन्न भाषाओं में लिखी हुई लगवाई जाएगी निर्देश पट्टिका, जिस भाषा क्षेत्र से श्रद्धालु आएंगे उसी भाषा में उनको निर्देश पट्टिका के माध्यम से जानकारी मिल जाए ऐसी योजना बनाई जा रही है।

## वन दरोगा से नेता ने कहा शहर से बाहर हूं, वरना जूते से मारता...

**गोरखपुर।** आईजीआरएस पर पेड़ कटने की शिकायत के मामले में जानकारी के लिए वन दरोगा ने फोन किया तो सहजनवा क्षेत्र के रहने वाले एक राजनीतिक पार्टी के नेता कौशल त्रिपाठी ने जूते से मारने की धमकी दे डाली। वन दरोगा ने बुधवार को सहजनवा थाने में सरकारी कार्य में बाधा डालने और धमकाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। नेता और दारोगा के बीच फोन पर हुई बातचीत का ऑडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। सहजनवां वन रेंज कार्यालय में तैनात वन दरोगा आशुतोष कुमार तिवारी ने केस दर्ज कराया है। आशुतोष ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सहजनवा क्षेत्र के सहबाजगंज के रहने वाले कौशल त्रिपाठी ने आईजीआरएस पर पेड़ कटने की शिकायत की थी।

# जिला प्रशासन ने किसान दिवस को बनाया मजाक

आवाज प्लस डेस्क



**आगरा।** बिचपुरी के वी के में किसान दिवस हर माह के तीसरे बुधवार को लगता है समय 12,बजे तक कोई अधकरी मौके पर नही था सभा कछ में कोई नही था। मौके पर पहुंचे किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने देखा तो कोई नही अधिकारी फील्ड में गुम रहे थे जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार लीड बैंक मेनेजर बिजली विभाग अधीक्षण अभियंता अलोक गुप्ता नहर विभाग एसडीओ पकज्ज अग्रवाल थे। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने देखा तो अधिकारियों मे घगधड़ मची तो किसान नेता ने पूछा की किसान दिवस कहा है तो अधिकारी चुप रहे मौके पर सभा कछ में आए जब जाकर 12,20,सुरु हुआ तो किसान नेता ने आड़े हाथ लिया। किसान नेता ने कृषि विभाग के अधिकारी यो पर आरोप लगाया 5,वर्ष मे 100,से अधिक किसानों को अनुदान के नाम टैक्टर दिए हैं उह कहा पर हे फर्जी किसान और फर्जी आधार काड़ लगाकर खेल किया है और कृषि यंत्रों में खेल किया है। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने उद्यान विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाए चार साल में 1000, हजार से अधिक वोरिग की गई है जो कुल फर्जी हे आगरा जनपद डार्क गोशित है कहा लगी है जब पूरा देश कोरोणा से पीड़ित था कोई भी इधर उधर जाना माना था कई योजनाओं में खुल कर फर्जी बढ़ा किया। भाकियू प्रदेश संगठन महामंत्री मंत्री रविंद सिंह ने नहर विभाग अधिकारियों पर आरोप लगाया नहरों की सिल्ट सफाई के तहकेदारो को टेका दिया केवल घास निकली गई कुछ की आज तक कोई सफाई नही हुई जांच होनी चाहिए तो एसडीओ नहर के पकज अग्रवाल ने कोई जवाब नही दिया। आलू समति के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण बगेल ने सीवीओ से माग की किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं आवारा पशु इन को गौ साला में पकड़ कर भेजा जाय केवल गौ माता ओ के नाम पर केवल खाना पुती हो रही। किसान नेता परदीप शर्मा ने माग की राज्य सरकार ने ओटीएस योजना चलाई जा रही है इस को पूरी 100,त्र,माफी की चलाई जाए किसानों के टुवेलो के विल माफ किए जाय अधीक्षण अभियंता अलोक गुप्ता ने कहा अभी कोई आदेश नहीं आया है। मुकेश शर्मा ने कहा किसानों को 8, गंटे बिजली 12,घंटे किया जाय की माग की सोमवीर यादव ने कहा किसानों को रात का चौकीदार बनाडिया है किसी यजनयो का लाभ नही दिया। मौके पर किसान दिवस किसान नेता श्याम सिंह चाहर लक्ष्मी नारायण रामगोपाल शर्मा कालु यादव करतार सिंह चाहर सोमपाल चाहर सोमवीर यादव आदि उपस्थित थे।

# सपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राम अचल राजभर व पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने अयोध्या में की भाजपा की कड़ी निन्दा

आवाज प्लस डेस्क



**अयोध्या।** पूर्व कैबिनेट मंत्री लाल जी वर्मा ने कहा कि देश में लोकतंत्र बचाना है संविधान बचाना है, ऐसी स्थिति में भाजपा को उत्तर प्रदेश से पूरी तरह से 80 की 80 सीटों पर हराने का काम करना है, इस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।अयोध्या आए पूर्व कैबिनेट मंत्री राम अचल राजभर ने कहा कि, प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पदाधिकारी को लगा दिया गया है, पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए कमर कस लिया है, आम जनता के बीच में जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बताने का काम करेंगे, महंगाई, भ्रष्टाचार,कानून व्यवस्था और भाजपा के डिक्टेटरशिप के मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव, प्रदेश की 80 की 80 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं इंडिया गठबंधन,गठबंधन तय करेगा प्रदेश में कितनी सीटें मिलनी हैं, जो सीटे सपा को मिलेगी सपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी, इंडिया का परचम दिल्ली में लहराएंगे, सांसदों के निलंबन राम अचल राजभर ने कहा कि विपक्ष के सांसदों को सदन के अंदर जनहित के मुद्दे पर किसान के मुद्दे पर कानून व्यवस्था की मुद्दे पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अगर सवाल उठाते हैं तो उनका मुंह बंद करने का काम किया जा रहा है, यह लोकतंत्र की हत्या है, प्रजातंत्र की हत्या है । सर्किट हाउस में दोनों नेताओं से सपा नेता जयशंकर पांडे ने की मुलाकात।

# राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन का 76वां वार्षिक महाधिवेशन भव्यता के साथ हुआ संपन्न

# हम सब लोगों को मिलकर कॉर्पोरेशन की आर्थिक स्थिति को सुधारने की आवश्यकता : डॉ आशीष गोयल

**संजीव श्रीवास्तव/आवाज प्लस**

**लखनऊ।** राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन, उत्तर प्रदेश के के 76 में वार्षिक महाधिवेशन का भव्य समापन अध्यक्ष - पावर कारपोरेशन आशीष गोयल द्वारा किया गया। संगठन के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूम में डॉ आशीष गोयल ने कहा कि जैसा कि आप सब लोग इस बात से अवगत है कि कॉरपोरेशन की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है, हम लोग लगातार घाटे में चल रहे हैं, हम सब लोगों को मिलकर कॉर्पोरेशन की आर्थिक स्थिति को सुधारने की आवश्यकता है, इसके लिए प्रत्येक अधिकारी कर्मचारी को अपनी कार्य संस्कृति में सुधार लाना पड़ेगा, बिना कार्य संस्कृति को बदले कॉर्पोरेशन की स्थिति सुधर नहीं सकती और जब तक आर्थिक स्थिति में सुधार नहीं होता है तब तक चाहते हुए भी हम





अपने कार्मिकों को कोई आर्थिक लाभ देने की स्थिति में नहीं है। वर्तमान में केंद्र सरकार की नीतियों में जो लगातार बदलाव हो रहे हैं उसके आधार पर यह कहना मुश्किल है की सरकार कितने दिनों तक घाटे में चल रहे इस विभाग को आर्थिक मदद करेगी? हमें उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति के साथ-साथ शत प्रतिशत बिलिंग और सही बिल समय से उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। जूनियर इंजीनियर संगठन की मांगों पर अध्यक्ष द्वारा कहा गया कि केंद्रीय अध्यक्ष/महासचिव से इस संदर्भ में लगातार बात हो रही है आगे भी चर्चा करके इन मांगों को पूरा किया जाएगा। संगठन के संरक्षक इंजीनियर सतनाम सिंह ने कहा कि अध्यक्ष महोदय आपके इस विभाग मैं आने के उपरांत हमारे सदस्यों के चेहरों पर थोड़ी मुस्कान आई है, लेकिन काफी बड़ी संख्या में हमारे सदस्य हड़ताल के दौरान निलंबित हुए हैं, यदि आज उनकी बहाली हो गई होती तो सदन का माहौल अलग ही होता। सतनाम सिंह ने कहा कि अध्यक्ष महोदय द्वारा मुझे आश्वासन दिया गया है कि सभी निलंबित कार्मिकों पर यथाशीघ्र निर्णय लेंगे। सभा को संबोधित करते हुए इंजीनियर जयप्रकाश केंद्रीय अध्यक्ष जूनियर इंजीनियर संगठन ने डॉक्टर आशीष गोयल द्वारा सभी निलंबित सदस्यों पर जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिए जाने का आश्वासन दिए जाने पर बहुत-बहुत धन्यवाद दिया तथा सदन में उपस्थित सभी सदस्यों से हाथ उठाकर यह संकल्प लिया कि आप सब लोग फील्ड में जाकर दुगनी ऊर्जा से कार्य करेंगे तथा एक मुश्त समाधान योजना को सफल बनाने के लिए अपना पूरा सहयोग करेंगे। संगठन के केंद्रीय महासचिव इंजीनियर जीबी पटेल ने मुख्य अतिथि के सामने संगठन की समस्याओं और मांगों को बहुत ही प्रभावी तरीके से रखा। सभा का संचालन केंद्रीय महासचिव इंजीनियर जीबी पटेल द्वारा किया गया। महाधिवेशन में प्रदेश भर से बड़ी संख्या में जूनियर इंजीनियर और प्रोन्नत अभियंताओं ने प्रतिभाग किया तथा बेहतर उपभोकता सेवा हेतु प्रस्ताव और संवर्ग की समस्याओं पर चर्चा की गई। संगठन के समापन सत्र पर अध्यक्ष समस्त ऊर्जा निगम डॉक्टर आशीष गोयल के अतिरिक्त प्रबंधन की तरफ से पंकज कुमार प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेश इंजीनियर कमलेश बहादुर सिंह, निर्देशक कार्मिक प्रबंधन एवं प्रशासन, इंजीनियर जीडी द्विवेदी निदेशक वितरण भी सम्मिलित हुए। अधिवेशन में देश के विभिन्न राज्यों के संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग अभिमन्यु धनकर आदि इंजीनियर सुशील चंद्र दिक्षित, इंजीनियर सतनाम सिंह, इंजीनियर एस बी सिंह, इंजीनियर, एस एम सिंह, इंजीनियर एस पी सिंह, इंजीनियर सुरेश चंद्र सिंह सहित संगठन के तमाम वरिष्ठ पदाधिकारियों सदस्यों ने प्रतिभाग लिया।

## केंद्रीय अध्यक्ष इ. जी बी पटेल, केंद्रीय महासचिव इ. जयप्रकाश हुये निर्वाचित

राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के 76 महाधिवेशन के अवसर पर केंद्रीय कार्यकारिणी का निर्वाचन भी संपन्न हुआ। इस निर्वाचन में इंजीनियर जीबी पटेल- केंद्रीय अध्यक्ष, इंजीनियर अजय कुमार वरिष्ठ उपाध्यक्ष, इंजीनियर सतवीर सिंह उपाध्यक्ष, इंजीनियर जयप्रकाश केंद्रीय महासचिव निर्वाचित हुए। इसके अतिरिक्त इंजीनियर दीपक गुप्ता उप महासचिव (सामान्य),



शशि कपूर उपमहासचिव (पाकालि), इंजीनियर अनिल कुमार वर्मा संगठन सचिव (पाकालि), इंजीनियर कैलाश सिंह यादव केंद्रीय प्रचार सचिव, इंजीनियर दीपक कुमार शर्मा केंद्रीय वित्त सचिव, इंजीनियर दिनेश प्रजापति भवन प्रेम कुमार उप महासचिव उत्पादन निगम, इंजीनियर पंकज कुशवाहा उप महासचिव ट्रांसको, इंजीनियर नित्यानंद सिंह संगठन सचिव उत्पादन निगम, दिवेश सविता सचिव कल्याण योजना, अवधेश यादव लेखा निरीक्षक प्रथम पद पर निर्वाचित घोषित किए गए।

## एक नज़र

### कंबल नहीं खरीदने पर मुख्यमंत्री योगी ने तीन जिलाधिकारियों से किया जवाब तलब, जताई सख्त नाराजगी



**लखनऊ।** ठंड से बचाव के लिए योगी सरकार ने 75 जिलों के लिए 29 करोड़ रुपए जारी किये हैं। मुख्यमंत्री योगी ने तीन जिलों में कंबल खरीद ना होने से सख्त नाराजगी जताई है। शीतलहर और ठंड के मौसम में जरूरतमंद लोगों को कंबल उपलब्ध कराने में लापरवाही पर मुख्यमंत्री ने संभल, एटा और कानपुर देहात के जिलाधिकारी को नोटिस देकर जवाब तलब किया है। प्रदेश सरकार ने शीतलहर और ठंड के मद्देनजर कंबलों की व्यवस्था के लिए सभी 75 जिलों को कुल 29 करोड़ रुपये का बजट जारी किया है। 72 जिलों में कंबलों की खरीद का कार्य पूरा कर लिया गया है। कानपुर देहात, संभल और एटा में कंबल खरीद नहीं होने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी व्यक्त की है। सीएम ने निर्देश दिए हैं कि कहीं पर भी अलाव और कंबल की कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कंबल की गुणवत्ता से भी किसी प्रकार का समझौता नहीं करने के निर्देश दिए हैं। 20 दिसंबर तक प्रदेश में 3,30,794 कंबलों की खरीद पूरी कर ली गई है, जबकि 45,293 कंबलों को वितरित भी किया जा चुका है। वहीं प्रदेशभर में 1,199 रैन बसेरों को संचालित किया जा चुका है। अलाव जलाने के लिए प्रति तहसील 50 हजार रुपये का बजट भी जारी किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य आपदा मोचक निधि में शीतलहर से बचाव के लिए 120 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

### ब्रिटेन और जर्मनी से सामाजिक कार्य के नाम पर हुई टेरर फंडिंग, डॉ. अब्दुल गफ्फार की तलाश जारी



**लखनऊ।** मामले में पाकिस्तान, सीरिया और तुर्किये के आतंकी संगठनों का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। जांच एजेंसियों से बचने को ये तरीका अपनाया गया। डॉ. अब्दुल गफ्फार की तलाश जारी है। बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या मुसलमानों की तस्करी करने वाले सिंडिकेट को सामाजिक कार्यों के नाम पर ब्रिटेन और जर्मनी की संस्थाओं के जरिये टेरर फंडिंग की जा रही थी। पाकिस्तान, सीरिया, तुर्किये आदि देशों में सक्रिय आतंकी संगठन जांच एजेंसियों की नजरों से बचने के लिए यह तरीका अपना रहे थे। एटीएस ने दिल्ली के डॉ. अब्दुल गफ्फार की तलाश तेज कर दी है, जिसके बैंक खाते में यह रकम आती थी। गौरतलब है कि एटीएस ने सोमवार को इस सिंडिकेट से सदस्य मोहम्मद अब्दुल अव्वल को नई दिल्ली के निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया था। असोम निवासी अब्दुल अव्वल लखनऊ के नदवा कॉलेज से 12वीं करने के बाद दिल्ली में फिनो बैंक के एजेंट के तौर पर काम कर रहा था। उसने पूछताछ में बताया था कि डॉ. अब्दुल गफ्फार ने उससे फिनो बैंक में रोहिंग्या, बांग्लादेशी, झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मुस्लिमों के नाम पर खाते खुलवाए थे, जिसमें वह अपने एनजीओ के एफसीआरए खाते में आने वाले विदेशी धन को ट्रांसफर करता था। डॉ. गफ्फार के एनजीओ सन शाइन हेल्थ एंड सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के एफसीआरए खाते में यूरोपीय देशों से लगभग 20 करोड़ रुपये आए थे। इसका उपयोग देश-विरोधी गतिविधियों में हो रहा था। एडीजी एटीएस मोहित अग्रवाल ने बताया कि इस सिंडिकेट के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है। एटीएस जल्द ही अब्दुल अव्वल को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी।

### 24 को सपा की ब्राह्मण महापंचायत, प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सपा का धरना आज

**लखनऊ।** चुनावी बेला से पहले सभी जातियों को साधने में सभी दल जुटे हैं। पिछड़ों और दलितों को अपने पाले में खींचने के लिए एक तरफ रणनीति बनाई जा रही है तो दूसरी तरफ अल्पसंख्यकों का वोट पाने के लिए भी सपा और कांग्रेस में सीधी जंग छिड़ी है। पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक (पीडीए) के नारे को लेकर चुनावी मैदान में उतरी समाजवादी पार्टी अब ब्राह्मणों को भी साधेगी। 24 दिसंबर को ब्राह्मणों के स्वाभिमान को लेकर महापंचायत का आयोजन राष्ट्रीय कार्यरत पार्टी के नाम से सपा मुख्यालय में किया जाएगा। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्य अतिथि होंगे। चुनावी बेला से पहले सभी जातियों को साधने में सभी दल जुटे हैं। पिछड़ों और दलितों को अपने पाले में खींचने के लिए एक तरफ रणनीति बनाई जा रही है तो दूसरी तरफ अल्पसंख्यकों का वोट पाने के लिए भी सपा और कांग्रेस में सीधी जंग छिड़ी है। अब सभी दल ब्राह्मणों पर डोरे डाल रहे हैं। पिछले दिनों लखनऊ में आयोजित ब्राह्मण महासम्मेलन का आयोजन एक संगठन ने किया था लेकिन भाजपा नेताओं के चेहरे ही आयोजन में छाये थे। पीडीए नारे के साथ चुनावी जंग में उतरी सपा ने भी ब्राह्मणों के बीच पैठ बनाने की तैयारी शुरू कर दी है।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता सप्ताह में बस चालकों व कंडक्टरो को दी सड़क सुरक्षा के बारे उपयोगी जानकारी



**आवाज प्लस डेस्क**

**लखनऊ।** सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अन्तगर्त पुलिस उपायुक्त यातायात हृदेश कुमार के निर्देशन में उत्तर प्रदेश सड़क परिवहन निगम के सिटी बस डिपो, विभूति खंड, गोमतीनगर, लखनऊ में बस चालकों व कंडक्टरो के सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क, लखनऊ से पंकज शर्मा ने सड़क चिन्ह, ट्रैफिक लाइट, ड्राइविंग लाइसेंस, गुड समेरिटन कानून की जानकारी दी, जबकि मारुति सुजुकी ड्राइविंग स्कूल के एहतेशाम ने आंकड़ों के माध्यम से दुर्घटनाओं की जानकारी दी तथा कोहरे में वाहन चलाते समय सावधानियों के बारे में जागरूक किया, सड़क पर वाहन चल रहा है। इस दौरान जानकारी दी यदि उनके चालक हर तरह से सावधानी बरतें रोड सेफ्टी का ख्याल रखें तो हादसों को काफी हद तक टाला जा सकता है। इस अवसर पर कार्यक्रम में ए आर एम बस स्टैंड मनोज शर्मा, कर्मचारीगण व 30 ड्राइवर और कंडक्टर उपस्थिति रहे।

# लखनऊ विश्वविद्यालय: पाठ्क्रम की प्रवेश परीक्षा 56 केंद्रों पर होगी बीएड



**आवाज प्लस डेस्क**

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। विवि से संबद्ध पांच जिलों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली व लखनऊ के कॉलेजों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय में सत्र 2023-24 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत बीएड पाठ्यक्रम के लिए परीक्षा केंद्रों की प्रस्तावित सूची जारी कर दी गई है। 26 दिसंबर से परीक्षाएं शुरू होंगी। परीक्षा के लिए लखनऊ विवि से संबद्ध पांच जिलों सीतापुर, हरदोई, लखीमपुर, रायबरेली व लखनऊ के कॉलेजों में 56 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके साथ ही संबद्ध 126 कॉलेजों के लिए 17 नोडल सेंटर भी बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों की सूची परीक्षा विभाग की ओर से विवि की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।


लखनऊ जिले में संबद्ध 61 कॉलेजों के लिए 29 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें केकेसी, करामत, खुन खुन जी, महिला, नवयुग, कृष्णा देवी, आईटी, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज समेत कई अन्य कॉलेज शामिल हैं। इन कॉलेजों के लिए नोडल सेंटर लखनऊ विश्वविद्यालय होगा।

लखनऊ। लविवि में कॉमर्स विभाग के सत्र 2022-23 के लिए शोधार्थियों की पीएचडी कोर्सवर्क की परीक्षा शुक्रवार को होगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली की परीक्षा दोपहर दो से तीन बजे और दूसरी पाली की परीक्षा तीन से शाम चार बजे तक होगी। विभागाध्यक्ष प्रो. राममिलन ने इस संबंध में पत्र जारी करते हुए सूचना दी। लखनऊ विश्वविद्यालय में विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023 के तहत आंतरिक, मौखिक व प्रयोगात्मक परीक्षाओं के अंक 10 जनवरी तक अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके लिए परीक्षा विभाग की ओर से सभी विभागाध्यक्षों व संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों को पत्र जारी कर दिया गया है। स्नातक व परास्नातक स्तर के पाठ्यक्रमों के परीक्षाफल घोषित करने के लिए कॉलेजों व विभागों को पोर्टल पर प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपलोड करने होंगे। साथ ही हार्डकॉपी विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

# 22 जनवरी को अयोध्या में सभी एडवांस बुकिंग होगी कैंसिल सिर्फ आमंत्रित लोगों को मिलेगी सुविधा

**आवाज प्लस डेस्क**





**अयोध्या।** 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम के लिए पूरे अयोध्या में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। अनगिनत लोगों की आस्था के प्रतीक प्रभु श्रीराम का मंदिर अयोध्या में जल्द ही बनकर तैयार होने जा रहा है। 22 जनवरी, 2024 के दिन होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के लिए पूरे अयोध्या में जोर-शोर से तैयारियां चल रही हैं। यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी गुरुवार को मंदिर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया है। वहीं, अब खबर आ रही है कि सीएम योगी ने 22 जनवरी यानी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम वाले दिन अयोध्या में सभी होटल व धर्मशालाओं में एडवांस बुकिंग को कैंसिल करने के निर्देश जारी किए हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को निर्देश दिया है कि प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित जनों की सुविधा और समारोह की गरिमा को देखते हुए यह आवश्यक है कि 22 जनवरी की तिथि के लिए अयोध्या के होटलों/धर्मशालाओं में सामान्य जन द्वारा कराई गई पूर्व बुकिंग को यथासंभव निरस्त किया जाए। वहीं, इन होटलों/धर्मशालाओं में निवास के लिए आमंत्रित विशिष्ट जनों को वरीयता दी जाए।

धर्मनगरी अयोध्या में आज संपन्न तैयारी बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के संबंध में भी निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देश दिया कि विशिष्ट आयोजन के दृष्टिगत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित विशिष्ट जनों के प्रवास में स्थानीय प्रशासन द्वारा यथोचित सहयोग किया जाए। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या राम मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में पीएम मोदी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। पीएम के अलावा किसी भी क्षेत्र में देश का सम्मान बढ़ाने वाले सभी प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही करीब चार हजार सन्तों को आमंत्रण भेजा गया है। सभी शंकराचार्य, महामण्डलेश्वर, सिख और बौद्ध पंथ के शीर्ष सन्तों को बुलावा भेजा गया है। स्वामी नारायण, आर्ट ऑफ लिविंग, गायत्री परिवार, किसान, कला जगत के प्रमुख लोगों को आमंत्रित किया गया है। 1992 से 1984 के बीच सक्रिय पत्रकारों को भी बुलावा भेजा गया है। कारसेवकों के परिजनों को भी निमंत्रण भेजा गया है।

### अब नौकरी के साथ कर सकेंगे पार्टटाइम पीएचडी

**लखनऊ।** बीबीएयू में नए सत्र से अब पार्टटाइम पीएचडी शुरू होगी। बीते दिनों हुई एकेडमिक काउंसिल की बैठक में नए प्रस्ताव पर मुहर लगी। नए सत्र से अब सरकारी नौकरी करने वाले भी पीएचडी में दाखिला ले सकेंगे। विश्वविद्यालय में करीब 26 विभाग संचालित है, यहां नियमित पीएचडी करने की व्यवस्था है। नए सत्र से पार्ट टाइम पीएचडी कराने की योजना बनाई गई है। इसके लिए हर विभाग में 20 फीसदी सीटें बढ़ाई जाएंगी, इन्हीं सीटों पर पार्टटाइम पीएचडी में प्रवेश दिया जाएगा। विवि के कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह ने बताया कि नियमित पीएचडी में कम से कम तीन साल में थीसिस जमा करने का प्रावधान है लेकिन पार्टटाइम में चार साल में थीसिस जमा कर सकेंगे। बीबीएयू के अमेठी कैंपस में संचालित अंग्रेजी विषय में नए सत्र से स्नातक का कोर्स शुरु होगा। एकेडमिक काउंसिल में इस प्रस्ताव पर भी मुहर लगी है।

## उप मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों को दी कड़ी चेतावनी

# अस्पताल में हड़ताल की तो लगेगा एस्मा

**संवाददाता**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के केजीएमयू में कर्मचारियों की हड़ताल पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने केजीएमयू का दौरा किया। उन्होंने मरीजों का हालचाल लिया और कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी दी। अस्पताल परिसर में हड़ताल बर्दाश्त नहीं होगी। हड़ताल करने पर एस्मा (एसेंशियल सर्विसेज मैनेजमेंट एक्ट) लगाया जाएगा। मरीजों की जान से खिलवाड़ करने का अधिकार किसी को नहीं है। अगर कोई शिकायत है तो सीधे मिलें। हड़ताल से कोई हल नहीं निकलेगा। गुरुवार को केजीएमसी के ट्रॉमा सेंटर पहुंचे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने मरीजों का हाल-चाल लिया, अस्पताल प्रबंधन और संविदा कर्मचारियों से बातचीत की।



उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को इलाज मिलना चाहिए। कोई भी मरीज बगैर इलाज लिए यहां से न जाए। उन्होंने हड़ताली कर्मचारियों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि अगर फिर से हड़ताल की तो एस्मा लगाया जाएगा। अस्पताल परिसर में हड़ताल अस्वीकार्य है। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केजीएमसी में मरीजों को पर्याप्त उपचार मिल रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं कतई बाधित नहीं हुई हैं। अगर किसी ने स्वास्थ्य सेवाओं को बाधित किया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि संबंधित कार्यदायी संस्था के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी लेकिन अपनी मांगों को मनवाने के लिए हड़ताल कोई जरिया नहीं है। अगर कोई समस्या है तो कर्मचारी किसी भी समय, सीधे उनसे संपर्क कर सकते हैं। डिप्टी सीएम ने केजीएमसी प्रबंधन से बातचीत करते हुए स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। कहा कि हर मरीज को उच्च स्तर की स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को पर्याप्त इलाज मिल रहा है और स्वास्थ्य सेवाएं बाधित नहीं हुई हैं। वहीं, मरीजों का कहना है कि उन्हें इलाज के लिए भटकना पड़ रहा है। केजीएमयू के आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने वेतन से रविवार व राजपत्रित अवकाश का पैसा काटे जाने के विरोध में कार्य बहिष्कार कर दिया। इससे इलाज बाधित हुआ। करीब एक हजार मरीजों को बिना इलाज के ही लौटना पड़ा।

# सरोजिनी नगर विधायक ने वृंदावन कॉलोनी वासियों को दी जिम की सौगात

**आवाज प्लस डेस्क**

**लखनऊ।** मनुष्य के जीवन में एक्सरसाइज़ का महत्व कितना है यह बात शायद हम में से काफी लोग भूल गए लगता है। इस व्यस्त दुनिया में इंसान के पास न तो अपने लिए समय है और दूसरों के लिए तो भूल ही जाइए। स्कूल जाने वाले बच्चों को जहाँ जितनी पढ़ाई के महत्व के बारे में ज्यादा बताया जाता है, उन्हें उतना अपनी सेहत के बारे में कम बताया जाता है। विधानसभा क्षेत्र सरोजिनी नगर के लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश्वर सिंह ने लोगों का दिल जीत लिया है। उन्होंने रायबरेली रोड स्थित वृंदावन कॉलोनी के सेक्टर 6 बी पार्क में ओपन जिम की सौगात दी है। पिछले कुछ वर्षो से यह देखा गया है छोटे-छोटे बच्चों के हाथ में मोबाइल, टेबलेट हैं। जहाँ इन बच्चों को पार्क में जाकर खेलना, व्यायाम करना चाहिए, वह अपने स्मार्टफोन में व्यस्त हैं। युवा और बड़ों का भी ऐसा ही हाल है। आपको बता दें कि भाजपा कार्यकर्ता एवं समाजसेवी सेक्टर 6 ए निवासी प्रणव अग्निहोत्री के व्यक्तिगत प्रयास से पार्क में ओपन जिम की स्थापना हो रही है। प्रणव अग्निहोत्री ने उजाला पत्रिका से बातचीत में कहा कि हमें अपनी लाइफस्टाइल को बदलना ही होगा। एक्सरसाइज करना हमारे शरीर के लिए उतना ही जरूरी है, जितना भोजन करना या पानी पीना। नियमित एक्सरसाइज से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक रूप से भी फिट रहते हैं। नियमित रूप से एक्सरसाइज की आदत डालना आसान काम नहीं है।

## सम्पादकीय

# अखिलेश और शिवपाल एकजुट होकर समाजवादी पार्टी की किस्मत पलटने में लगे हैं

मैनपुरी उपचुनाव और यादव परिवार की एकजुटता ने भाजपा के समानांतर भविष्य तलाशने वालों की उम्मीद जगा दी है और अगर सपा ने निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनावों के लिए छोटे दल फिर सपा के साथ आने को आतुर होंगे। समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव काफी बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल फिलहाल तक जो अखिलेश किसी की नाराजगी की चिंता नहीं करते थे, अब वह अपना परिवार और 'कुनबा' बचाने के लिए जद्दोजहद करते नजर आ रहे हैं। सपा की खोई हुई ताकत हासिल करने के लिए रूठों को मनाया जा रहा है तो बिछड़ों को पार्टी में वापस बुलाया जा रहा है। लम्बे समय के बाद चाचा शिवपाल यादव एक बार फिर भतीजे अखिलेश के खेवनहार बन गए हैं। उनका चाचा के प्रति विश्वास जगा तो मैनपुरी लोकसभा और खतौली विधान सभा सीट सपा के खाते में आ गई। खतौली विधानसभा सीट पर 2022 में बीजेपी से विक्रम सिंह सैनी विधायक चुने गए थे, जिनकी मुजफ्फरनगर दंगों में सजा मिलने के बाद विधानसभा सदस्यता रद्द हो गई थी। खतौली विधानसभा सीट पर उपचुनाव में बीजेपी ने विक्रम सिंह सैनी के परिवार पर ही भरोसा जताया था और उनकी पत्नी राजकुमारी सैनी को मैदान में उतारा था। राजकुमारी सैनी का सामना सपा-रालोद गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया से हुआ था और उन्हें मदन भैया से करीब 23 हजार वोटों से हार का मुंह देखना पड़ा। अखिलेश यादव ने खतौली विधानसभा सीट राष्ट्रीय लोक दल को देकर एक बार फिर जयंत चौधरी पर भरोसा जताया था, जिस पर वह खरे उतरे। इसके बाद से सपा-रालोद गठबंधन के बीच का विश्वास बढ़ गया है। यह और बात है कि सपा नेता आजम खान के गढ़ रामपुर में सपा प्रत्याशी को हार का सामना करना पड़ा। बात मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव की कि जाए तो सपा प्रत्याशी डिंपल यादव की जीत के बाद अखिलेश यादव 2024 के आम चुनाव को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। चाचा शिवपाल के बीच दूरियां मिटने के बाद चाचा के कहने पर अखिलेश यादव अब पार्टी के असंतुष्टों और पूर्व सहयोगियों को फिर से साथ लाने में लग गए हैं। ऐसे कयास भी लगाए जा रहे हैं कि सपा अगर उत्तर प्रदेश के स्थानीय निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन करती है तो साल 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले कुछ भाजपा विरोधी दल सपा के पीछे लामबंद हो सकते हैं। मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल की जबरदस्त जीत के बाद बदायूं के पूर्व विधायक आबिद रजा जहां पार्टी में दोबारा शामिल हो गए, वहीं सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सपा के प्रति अपने तेवर में नरमी के संकेत देते हुए कहा, ÷शिवपाल सिंह यादव पहल करेंगे तो हमारी सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से फिर से बातचीत हो सकती है।÷

बहरहाल, राजनीतिक विश्लेषकों को लगता है कि मैनपुरी उपचुनाव और यादव परिवार की एकजुटता ने भाजपा के समानांतर भविष्य तलाशने वालों की उम्मीद जगा दी है और अगर सपा ने निकाय चुनावों में ठीक-ठाक प्रदर्शन किया तो लोकसभा चुनावों के लिए छोटे दल फिर सपा के साथ आने को आतुर होंगे। इसके लिए सबसे पहले अखिलेश और शिवपाल की निकटता को निकाय चुनाव की कसौटी पर खरा उतरना होगा और इस चुनाव के बाद 2024 के लोकसभा चुनाव की भी दिशा तय हो जाएगी। गौरतलब है कि 2022 के विधानसभा चुनाव में सुभासपा, महान दल, अपना दल (कमेरावादी) और जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) जैसे छोटे दलों ने सपा नीत गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा था। अपना दल (कमेरावादी) को छोड़कर इनमें से बाकी सभी दलों ने विधानसभा चुनाव के बाद सपा से दूरी बना ली थी, लेकिन मैनपुरी में सपा की जीत के बाद इन दलों में एक बार फिर हलचल बढ़ गई है। मैनपुरी संसदीय सीट पर हुए उपचुनाव में डिंपल ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी एवं भाजपा प्रत्याशी रघुराज सिंह शाक्य को 2.88 लाख से अधिक मतों से हराया। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुलायम ने मैनपुरी से करीब 90 हजार मतों के अंतर से चुनाव जीता था। माना जा रहा है कि अखिलेश और शिवपाल के बीच मतभेद समाप्त होने और यादव परिवार की एकजुटता ने ही सपा के पक्ष में माहौल बनाया। राजनीतिक जानकार यही दावा कर रहे हैं कि अगर यादव परिवार की एकजुटता बनी रही तो लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सपा ही भाजपा के खिलाफ मुख्य मुकाबले में नजर आएगी। यही वजह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के सहयोगी रह चुके राजभर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर सपा में संभावनाएं तलाशने में जुट गए हैं। इस सिलसिले में जब राजभर से बातचीत की गई तो उन्होंने दो टूक कहा, बात करने में क्या दिक्कत है। कोई खेत-मेड़ का झगड़ा तो है नहीं, राजनीति में कौन किसका दुश्मन है। अपनी बात को बल देने के लिए राजभर बिहार में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) और राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कश्मीर में भाजपा और पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और उत्तर प्रदेश में 2019 में सपा और बसपा के बीच हुए गठबंधन का उदाहरण भी देते हैं। राजभर ने दावा किया है कि हम निकाय चुनाव अकेले अपने दम पर लड़ेंगे, लेकिन 2024 के लोकसभा चुनाव में किसी न किसी से गठबंधन जरूर करेंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या सपा के किसी नेता ने सुभासपा से हाथ मिलाने की पहल की है, उन्होंने कहा कि अभी किसी ने कोई पहल नहीं की है। इसी तरह से विधानसभा चुनाव के बाद हुए विधान परिषद चुनाव में टिकट न मिलने से जनवादी पार्टी (सोशलिस्ट) के अध्यक्ष डॉ. संजय चौहान सपा से खफा हो गए थे, लेकिन अब वह फिर पार्टी के साथ आ गए हैं। 2019 में सपा के चिह्न पर चंदौली से लोकसभा चुनाव लड़ चुके डॉ. संजय चौहान ने स्वीकार किया, ÷विधान परिषद के चुनाव में मौका न मिलने से सपा से थोड़ी दूरी हो गई थी, लेकिन अब हम अखिलेश जी के साथ हैं और निकाय चुनाव में सपा का समर्थन करेंगे। उधर, महान दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष केशव देव मौर्य कहते हैं कि हम लोग (छोटे दल) मुख्य खिलाड़ी नहीं हैं और मुख्य खिलाड़ी (बड़े दल) अभी पत्ते नहीं खोल रहे हैं। ऐसे में हम किसके साथ जाएंगे, इसे लेकर खूब तुक्केबाजी चल रही है।÷ अखिलेश के साथ दोबारा तालमेल बैठाने की संभावनाओं पर मौर्य ने कहा, ÷देखिए, अखिलेश यादव से ही नहीं, भाजपा से, कांग्रेस से, बसपा से, सभी से गठबंधन की संभावनाएं हैं। जब हम अपनी बदौलत एक भी सीट जीत नहीं सकते तो किसी न किसी

## ग़ज़ल

हर बात पे यूँ शोर मचाना नहीं अच्छा।
हर चीज़ उछल कूद के पाना नहीं अच्छा।
अंजाम बुरा देख के ज़रदार का समझा,
यूँ ढेर ज़मीं ज़र का लगाना न हीं अच्छा।
कल देख के दुनिया की बुरी चाल कमीनी,
ये मान लिया आज ज़माना नहीं अच्छा।
हर वक्त ही ग़ीबत की कहानी नहीं अच्छी,
हर वक्त मुसीबत का तराना नहीं अच्छा।
आबो हवा के हम ही मुहाफ़िज़ हैं जहां में,
कूड़े को खुले आम जलाना नहीं अच्छा।
संयम का बदल कोई ज़माने में नहीं है,
बेबात के झगड़े को बढ़ाना नहीं अच्छा।
तलवार केबलपर कहाँ टिकतीहै हुकूमत,
मज़लूम को बेवज़्ह सताना नहीं अच्छा।



**हमीद कानपुरी,**
**अब्दुल हमीद इदरीसी,**
**कानपुर -208004**

# नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की शताब्दी का जश्न मनायेंगे पुरातन छात्र

24 दिसम्बर को लखनऊ में लगेगा पूर्व छात्रों का जमावड़ा, पुरानी यादें होंगी ताजा

कॉलेज ने दिये हैं कई ऐसे चिकित्सक, जिन्होंने हासिल किया प्रतिष्ठित मुकाम

नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज अपने एक सौ एक वर्ष पूर्ण कर चुका है, और इस मेडिकल कॉलेज ने होम्योपैथी के सुप्रसिद्ध चिकित्सक दिए है, जो पूरे भारत के ख्यातिप्राप्?त चिकित्सक हुए हैं, आगामी 24 दिसंबर को नेशनल और मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की एलुमिनाई मीट का कार्यक्रम लखनऊ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एलुमिनाई एसोसिएशन द्वारा किया जा रहा है, जिसमे भारत के विभिन्न क्षेत्रों में रहने वाले इस कॉलेज के पुरातन डॉक्टर एक बार फिर लखनऊ की सरजमीं पर मिलकर अपने पुराने दिनों को याद करेंगे। यह जानकारी देते हुए एलुमिनाई एसोसिएशन की तरफ से डॉ. दुर्गेश चतुर्वेदी ने बताया, 20वीं शताब्दी के आरम्भ में होम्योपैथिक चिकित्सा शिक्षा के विकास के लिए एक संस्था की आवश्यकता महसूस होने लगी, फलस्वरूप सन 1912 में डॉ. जीएन ओहदेदार के मार्गदर्शन में लखनऊ के होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा लखनऊ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज प्रारम्भ किया गया, जो वर्ष 1920 तक अपने अस्तित्व में रहा। वर्ष 1921 में डॉ. बीएस टण्डन के कुशल नेतृत्व में ÷नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय÷ की स्थापना की गयी और पूर्व स्थापित मेडिकल कॉलेज का संविलियन कर दिया गया। अमेरिका के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. जे.टी. कैंट के शिष्य शिकागो से एम.डी. डिग्री प्राप्त डॉ. जी. सी. दास इस मेडिकल कॉलेज के प्रथम प्राचार्य रहे।

मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

इस संस्था में सन 1921 से सन 1940 तक दो वर्षीय ÷एचएमबी÷ स्नातक पाठ्यक्रम चलाया जाता था, बाद में 1940 से 1950 तक इसे उच्चीकृत कर तीन वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम चलाया गया। सन 1950 से इस संस्था द्वारा चार वर्षीय बीएमएस (डिप्लोमा) पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया, जिसे वर्ष 1951 में मेडिसिन बोर्ड से सम्बद्ध कर दिया गया।

वर्ष 1957 में इस संस्था की सोसाइटी को राज्य सरकार द्वारा गठित समिति ने अधिग्रहित कर लिया, इस प्रबन्ध समिति के अधीन यह संस्था फरवरी 1968 तक कार्यरत रही। राज्य सरकार द्वारा 1 मार्च 1968 से इस संस्था को पूर्णतया प्रान्तीयकरण कर दिया गया, और तबसे यह संस्था एक राजकीय संस्था के रूप में कार्यरत है। वर्ष 1961 से पांच वर्षीय जीएचएमएस पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया और चिकित्सा विद्यालय को आगरा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिया गया। भारत ही नहीं अपितु पूरे एशिया महाद्वीप में होम्योपैथिक विधा में स्नातक अर्हता (डिग्री) प्रदत्त करने वाला प्रथम मेडिकल कॉलेज का गौरव प्राप्त इसी कॉलेज को है। वर्ष 1981 में होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों के प्रान्तीयकरण के बाद बीएचएमएस स्नातक पाठ्यक्रम लागू कर दिया गया। 27 फरवरी 2000 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने गोमतीनगर स्थित नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय के शिक्षण भवन, बाह्य रोगी भवन का लोकार्पण एवं हैनिमैन चौराहे पर 22 फ़ीट की डॉ. हैनिमैन की प्रतिमा का अनावरण किया। वर्तमान में इस मेडिकल कॉलेज में एम.डी. पाठ्यक्रम तीन होम्योपैथिक विषयो में प्रारंभ हो चुकी है।

मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज

डॉ. एसडी सिंह ने बताया 18 अगस्त 1961 को प्रख्यात होम्योपैथ स्व. डॉ. बी.एस. टंडन द्वारा मात्र आठ छात्रों के माध्यम से ÷हैनिमैनियन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज÷ की स्थापना की गयी। वर्ष 1963 में कॉलेज का नाम बदलकर लखनऊ के तत्कालीन मेयर लेफ्टिनेंट कर्नल बीआर मोहन के नाम पर ÷मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज÷ रखा गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1978 के पूर्व छात्रों के प्रवेश के लिए प्रथम वर्ष के छात्रों की संख्या का निर्धारण होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड द्वारा किया जाता था, जिसकी संख्या 100 से 300 तक थी, ऐसे में मेडिकल कॉलेज में तीन पालियों में सुबह, दोपहर एवं शाम में पढ़ाई होती थी। प्रदेश में संचालित प्राइवेट होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों में व्याप्त कुव्यवस्था और होम्योपैथिक मेडिसि?न बोर्ड की मनमानी से त्रस्त छात्रों ने 2 मई 1977 को प्रदेश सरकार के विरुद्ध वृहद आंदोलन शुरू कर दिया, जो कई वर्षों तक चला, जिसके फलस्वरूप 11 दिसंबर 1981 को सभी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेजों का प्रान्तीयकरण कर दिया गया। इस तरह से 1981 के बाद मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज भी राज्य सरकार के अधीन हो गया और यहां भी बीएचएमएस (डिग्री) पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया गया और प्रवेश के लिए सीपीएमटी के माध्यम से छात्रों का चयन प्रारम्भ हुआ। इसके बाद केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद नई दिल्ली के मानकों को पूर्ण न कर पाने की स्थिति में 17 फरवरी 2001 को मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज का संविलियन नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में कर दिया गया।

प्रसिद्ध चिकित्सक जिन पर नाज है कॉलेज को

नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की छात्रा रहीं और फिर उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज में सबसे पहली महिला प्रोफेसर बनी प्रो. रेनू महेंद्र ने बताया कि इस कॉलेज ने अनेक सुप्रसिद्ध चिकित्सक दिये हैं, जिन्होंने नये आयाम स्थापित ष्किये हैं। उन्होंने इन चिकित्सकों के किये गये कार्यों के बारे में संक्षिप्त जानकारी भी दी।

1- डॉ. जीएन ओहदेदार- सन 1912 में ÷लखनऊ होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की।

2- डॉ. बीएस टंडन- सन 1921 में नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एवं 1961 में मोहन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज की स्थापना की !

सन 1925 में अमीनाबाद के झंडे वाले पार्क के पास 5 पैसे और 10 पैसे में मरीजों का इलाज करते थे।

3- डॉ. प्यारेलाल श्रीवास्तव- प्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक लखनऊ के छाछी कुआं के पास प्रैक्टिस करते थे, और अपने जीवन के अंतिम पांच वर्षों में लकवा रोग से पीड़ित होने के बावजूद बिस्तर पर लेट कर ही प्रतिदिन सैकड़ों मरीज देखते थे।

4- डॉ. एपी अरोड़ा- 1937 में नेशनल कॉलेज में एडमिशन लिया, और मेडिकल शिक्षा ग्रहण करने के बाद लाहौर के अनारकली बाज़ार में प्रैक्टिस करते थे, भारत के विभाजन के बाद वह लखनऊ आये और यहां कैसरबाग में प्रैक्टिस करते थे बाद में उनके पुत्र डॉ. नरेश अरोड़ा भी नेशनल कॉलेज से पढ़ाई कर उनका सहयोग करने लगे।

5- डॉ. एनडी सिंधी- 1939 में नेशनल कॉलेज में एडमिशन लिया और शिक्षा पूर्ण होने के बाद सिंध प्रांत (पाकिस्तान) में प्रैक्टिस करते थे, विभाजन के बाद लखनऊ आ गये और लालबाग में प्रैक्टिस करते थे उनके यहां प्रतिदिन 200 से 300 मरीज आते थे।

6- डॉ. केएस खालसा- पुरी होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य के पद पर रहे।

7- डॉ. एमसी बत्रा- नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य रहे बाद में इनके पुत्र डॉ. मुकेश बत्रा ने ÷बत्रा होम्योपैथिक क्लीनिक÷ की शुरुआत की और देश-विदेश में कई क्लिनिक की स्थापना की।

8- डॉ. वीके गुप्ता ङ्क पद्मश्री अवॉर्ड से सम्?मानित किये गये तथा प्राचार्य नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज दिल्ली के पद पर रहे।

9- डॉ. गिरेन्द्र पाल- राजस्थान में होम्योपैथी का प्रचार- प्रसार किया एवं प्रथम होम्योपैथी यूनिवर्सिटी जयपुर की स्थापना की।

10- डॉ. शशि मोहन शर्माङ्क वर्तमान में हैनिमैन होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज लंदन ( इंग्लैंड) के प्राचार्य हैं।

11- डॉ. जीबी सिंह- राजकीय होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज कानपुर के प्राचार्य रहे, तीन बार विधायक रहे जिसमे एक बार वर्ष 1998 से 2002 तक वन एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री रहे !

12- डॉ. एससी अस्थाना- भारत सरकार द्वारा स्थापित ष्ट्टक्रद्ध्न के पहले निदेशक बने।

13- डॉ. सुनील कुमार- होम्?योपैथिक ड्रग रिसर्च इंस्?टीट्यूट के पहले निदेशक बने।

14 डॉ. बीएन सिंह- नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य, उत्तर प्रदेश होम्योपैथी के निदेशक एवं उत्तरप्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के अध्यक्ष पद पर अपनी सेवा दी। 15 डॉ. नरेश अरोड़ा- 15 वर्ष तक केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद के सदस्य रहे। 16- डॉ. अनुरुद्ध वर्मा- 25 वर्ष तक केंद्रीय होम्योपैथिक परिषद के सदस्य रहे। 17- डॉ. गिरीश गुप्ता- भारत के सुप्रसिद्ध होम्योपैथिक चिकित्सक जिन्होंने 70 से ज्यादा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किये एवं वर्तमान में नेशनल कमीशन ऑफ होम्योपैथी के सदस्य भी हैं।

# हर फिक्र को धुएं में उड़ाता चलागया

धर्मदेव आनंद, जो की देव आनन्द के नाम से प्रसिद्ध थे, का जन्म 26 सितम्बर 1923 में गुरदास पुर (जो अब नारोवाल जिला, पकिस्तान में है) में हुआ और उनका निधन 3 दिसम्बर 2011 रात 10 बजे को लंदन में हृद्याघात से हुआ। वे भारतीय सिनेमा के बहुत ही सफल कलाकार, निर्देशक और फ़िल्म निर्माता थे। उनके पिता किशोरीमल आनंद पेशे से वकील थे। उन्होंने गवर्नमेंट कॉलेज लाहौर से अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की डिग्री प्राप्त की। देव आनंद के भाई, चेतन आनंद और विजय आनंद भी भारतीय सिनेमा में सफल निर्देशक थे। उनकी बहन शील कांता कपूर प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक शेखर कपूर की माँ है। भारतीय सरकार ने देव आनंद को भारतीय सिनेमा के योगदान के लिए 2001 में पद्म भूषण और 2002 में दादासाहेब फाल्के पुरस्कारों से सम्मानित किया।

### जब देव आनंद से ज्यादा उनके डुप्लीकेट के पास आने लगीं फिल्में, ऐसा था दिग्गज अभिनेता का रिएक्शन

हिंदी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता रहे देव आनंद अपने दौर के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक थे। साल 2011 में 3 नवंबर के दिन सिनेमा के इस अनमोल हीरे ने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। देव आनंद साहब जब वह पर्दे पर उतरते थे तो उनके अभिनय के साथ ही उनका स्टाइल भी इतना पॉपुलर हो जाता था कि लोग उसकी कॉपी किया करते थे। हालांकि हिंदी फिल्मों में एक कलाकार ऐसा भी हुआ जो अपने नाम की जगह



डुप्लीकेट देव आनंद के नाम से पहचाना गया। वह हैं किशोर भानुशाली। किशोर भानुशाली काफी सफल अभिनेता रहे हैं उन्होंने कई फिल्मों में काम किया लेकिन उन्हें ज्यादातर देव आनंद के स्टाइल वाले किरदार में ही देखा गया है। एक बार देव आनंद ने खुद उनको मिलने के लिए बुलाया था और उस समय किशोर भानुशाली के पास कई फिल्में थीं। तो चलिए जानते हैं देव आनंद और उनके डुप्लीकेट से जुड़ा ये दिलचस्प किस्सा।

### किशोर भानुशाली नहीं जानते थे कौन हैं देव आनंद

जिन देव आनंद के डुप्लीकेट के नाम से जय भानुशाली खूब लोकप्रिय हुए, लेकिन बचपन में उन्हें देव आनंद का नाम तक नहीं सुना था, क्योंकि वह तो राजेश खन्ना के फैन थे। एक बार किशोर भानुशाली ने बताया था कि जब फिल्म कटी पतंग रिलीज हुई थी तब मैं पांच-छह साल का रहा होऊंगा। तब काकाजी यानी राजेश खन्ना जी का जमाना था। उस वक्त किसी ने मुझे कहा कि तुम्हारी शक्ल बिल्कुल देवानंद जी जैसी है। मैं जानता नहीं था कि देवानंद कौन हैं। फिल्म दिल में जब किशोर भानुशाली ने काम किया तो वह काफी लोकप्रिय हो गए और इसी फिल्म को देखने के बाद ही देव आनंद साहब ने उन्हें मिलने के लिए बुलाया था। किशोर कुमार ने एक बार इंटरव्यू के दौरान बताया था कि फिल्म दिल रिलीज होने के बाद जब देव आनंद साहब ने मुझे मिलने के लिए बुलाया तो मैं उनसे मिलने उनके ऑफिस गया था। जब किशोर भानुशाली वहां पहुंचे तो उन्हें देखते ही देव आनंद साहब ने अपने स्टाइल में कहा- क्यों किशोर ना है न? दिल देखी है मैंने और मुझे लगता है कि आपको ही कॉपी करना पड़ेगा अब कितनी फिल्में हैं तुम्हारे पास?

### बेहद जिंदादिल इंसान थे देव आनंद

किशोर भानुशाली ने ये किस्सा साझा करते हुए बताया था कि उन्होंने उस समय देव आनंद साहब से कहा कि उनके पास आठ से दस फिल्में होंगी तो दिग्गज अभिनेता ने किशोर भानुशाली से मजाकिया अंदाज में कहा मुझे कुछ फिल्में दिलवाओ। हालांकि देव आनंद ने ये बात मजाकिया लहजे में कही थी। बता दें कि देव आनंद साहब पर्दे के साथ ही निजी जिंदगी में

# महिला उत्पीड़न: महिलाओं के साथ बर्बरता क्षम्य या अक्षम्य

महिला उत्पीड़न अक्षम्य अपराध है% यह पंक्ति मेरे ऑफिस में कई जगह पोस्टर के रूप में टंगी हुई है। न्यूज रूम में काम के दौरान जब महिला उत्पीड़न और महिलाओं के साथ बर्बरता व बलात्कार की खबरें आती हैं तो मेरी नजरें सबसे पहले इन्हीं पोस्टर्स पर जाती हैं। महिला उत्पीड़न और बलात्कार की हेडिंग पढ़कर खून खौल उठता है तो दूसरी ये पोस्टर्स सोच में डाल देते हैं कि आखिर जिस देश में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना जाता है, उस देश में ऐसी पंक्ति लिखने की नौबत क्यों आई?

महिला उत्पीड़न अक्षम्य अपराध है% यह पंक्ति मेरे ऑफिस में कई जगह पोस्टर के रूप में टंगी हुई है। न्यूज रूम में काम के दौरान जब महिला उत्पीड़न और महिलाओं के साथ बर्बरता व बलात्कार की खबरें आती हैं तो मेरी नजरें सबसे पहले इन्हीं पोस्टर्स पर जाती हैं। महिला उत्पीड़न और बलात्कार की हेडिंग पढ़कर खून खौल उठता है तो दूसरा ये पोस्टर्स सोच में डाल देते हैं कि आखिर जिस देश में महिलाओं को देवी का स्वरूप माना जाता है, उस देश में ऐसी पंक्ति लिखने की नौबत क्यों आई? एक सवाल यह भी आता है कि ये पंक्तियां क्या सिर्फ लिखने के लिए हैं? क्योंकि कुछ गिने-चुने मामलों को छोड़ दें तो भारत में 31 हजार से ज्यादा बलात्कार और उत्पीड़न के मामले केवल दर्ज होकर रह जाते हैं। चर्चा और कार्रवाई इक्का-दुक्का मामलों में होती दिखती है।

### कुछ मामले जो चर्चा में आए

ज्यादा पीछे न जाकर हाल ही में सुर्खियों में रहे कुछ अपराधों के बारे में जिक्र करूंगी, जिनसे यह साबित हो गया कि देश में अब महिला उत्पीड़न %क्षम्य अपराध% बन गया है। आप जी खोलकर अपराध करते रहिए क्योंकि आपको बचाने के लिए यहां हजारों लोग बैठे हुए हैं लेकिन सवाल करने वाला कोई नहीं। हाल में बिलकिस बानो का मामला सामने आया, जिनके दोषियों को फांसी की सजा देने की बजाय उम्रकैद की सजा दी गई थी। कुछ साल सजा काटने के बाद उन अपराधियों को छोड़ भी दिया गया। छोड़ने का जो कारण बताया गया वह हास्यास्पद और हैरान करने वाला है। इस फैसले के बाद ज्यादातर लोग मौन रहे। कई लोगों ने इसके खिलाफ आवाज भी उठाई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। आवाज उठाने वाले भी थककर बैठ गए लेकिन जिम्मेदारों के कान पर जूं तक नहीं रेंगी।

### चर्चा में आने के बावजूद अपराधियों को कठोर सजा नहीं

इसके बाद मामला आया किरण नेगी का। निर्भया से भी क्रूर यातनाएं किरण नेगी को दी गई थीं। अपराध अपराध होता है, किसी भी मामले से तुलना करना सही नहीं है लेकिन यहां करना पड़ेगा, क्योंकि इन मामलों में देश के कानून, इनके नियंताओं और देशवासियों का दोहरा चरित्र देखने को मिला। एक मामले में पूरा देश सड़क पर उतर आया और दोषियों को सजा दिलवाने के बाद ही चैन से सोया। वहीं दूसरे मामले में नियम नियंताओं ने निर्णय दिया और देश ने चुप्पी साध ली। सिर्फ देश ही नहीं बड़े-बड़े मीडिया संस्थानों ने भी किरण नेगी मामले पर बोलना जरूरी नहीं समझा। नतीजा यह हुआ कि आज देश में ज्यादातर लोगों को किरण नेगी मामले के बारे में पता ही नहीं है। किरण नेगी के साथ हैवानियत की गई थी यह बात स्वीकारते हुए भी अदालत ने गिरफ्तार अपराधियों को छोड़ दिया। अगर वे दोषी नहीं थे तो इस मामले में दोषी कौन हैं? इसकी छानबीन करना और उन्हें सजा दिलाना किसकी जिम्मेदारी है? अदालत ने तो आसानी से अपना पल्ला झाड़ते हुए केस को बंद कर दिया लेकिन असल अपराधी तो खुलेआम घूम रहे हैं।



### ऐसी व्यवस्था बने कि बेटियां आवाज उठाएं

महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों, खासकर यौन शोषण के मामलों पर आवाज उठाने वाली एक्टिविस्ट योगिता भयाना कहती हैं- देश और राज्य की सरकारों को बेटियों के साथ किए जा रहे यौन अपराधों और अपराधियों पर सख्ती बरतनी चाहिए। जो भी आरोपी हों उन्हें पुलिस गिरफ्तार करने में देर न करे। कोर्ट रेप जैसे जघन्य अपराध के दोषियों को आसानी से बेल, परोल न दे। इससे देश की न्याय प्रणाली से बेटियों को आत्मविश्वास डगमगा जाएगा और कोई भी बेटी अपने साथ हुए अपराध के खिलाफ आवाज उठाने से डरेगी। उसको अपनी आवाज उठाने का स्पेस होना चाहिए।%

### साल-दर-साल बढ़ते बलात्कार के मामले

अगस्त 2022 में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने भारत में 2021 में महिला अपराध मामलों में एक रिपोर्ट जारी की। उसमें सिर्फ रेप के 31677 मामले दर्ज होने का आंकड़ा है। ये आंकड़े दर्ज किए गए मामलों के हैं, न जाने कितने मामले आते रहते हैं जिनको समझौतों या रुपयों की दबिश देकर दबा दिया जाता है, जिन्हें कोई जानता भी नहीं। साल 2020 में दर्ज बलात्कार के मामलों की संख्या 28046 थी, जबकि 2019 में यह 32033 थी। यानी 2019 की तुलना में 2020 में रेप के मामले कम दर्ज किए गए, लेकिन 2021 में फिर से दर्ज मामलों की संख्या बढ़ी। यह भी बात सामने आती रहती हैं कि ज्यादातर रेप मामलों में पीड़िता का कोई जानने वाला ही शामिल होता है।

### रेप के राज्यवर आंकड़े

एनसीआरबी की रेप केसे वाली रिपोर्ट में राजस्थान (6337), मध्य प्रदेश (2947), महाराष्ट्र (2496) और उत्तर प्रदेश (2845) जैसे राज्य शीर्ष पर थे, जबकि दिल्ली में 2021 में 1250 बलात्कार के मामले दर्ज किए गए थे। जनसंख्या के आधार पर देखें तो रेप मामले में अपराध की दर (प्रति लाख जनसंख्या) राजस्थान (16.4) में उच्चतम थी। इसके बाद चंडीगढ़ (13.3), दिल्ली (12.9), हरियाणा (12.3) और अरुणाचल प्रदेश (11.1) का नंबर है। हर साल सिर्फ बलात्कार के हजारों मामले सामने आते हैं, लेकिन पीड़िताओं को न्याय मिलने में वर्षों लग जाते हैं। कुछ को न्याय मिल जाता है, वहीं कुछ मामले सबूतों के अभाव या किसी अन्य कारण से रफा-दफा कर दिए जाते हैं। ये सब देख ऐसा लगता है कि महिलाओं के साथ ज्यादती क्षम्य है।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
आवाज प्लस
समाज में प्रभावी आगाज़



## जिला जज को दी गई भावभीनी विदाई डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सभागार में हुआ आयोजन



संवाददाता

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के सभागार में वृहस्पतिवार को जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव को भावभीनी विदाई दी गई। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एड ने अधिवक्ताओं की ओर से उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ एवम् महामंत्री विमल प्रसाद सिंह एडवोकेट ने स्मृति चिन्ह प्रतीक स्वरूप भेंट किया। वरिष्ठ अधिवक्ता जगजीवन सिंह, राजेश सिंह एडवोकेट, सत्य प्रकाश कुशवाहा एडवोकेट, अतुल प्रताप पटेल एडवोकेट, राजेश यादव एडवोकेट, महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट, संतोष श्रीवास्तव एडवोकेट, हीरालाल पटेल एडवोकेट, राज बहादुर सिंह एडवोकेट, पवन कुमार सिंह एडवोकेट आदि लोगों ने जिला जज अशोक कुमार यादव का माल्यार्पण कर स्वागत किया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामचंद्र सिंह एडवोकेट ने विदाई समारोह में कहा कि जिला जज साहब ने न्याय की भावना से जनता को न्याय दिलाने का भरपूर प्रयास किया, तथा अपना धर्म और कर्म दोनों को पूरी ईमानदारी के साथ निभाया। संचालन दयाराम सिंह एडवोकेट ने किया। विदाई समारोह में धनंजय मौर्य एडवोकेट, रामजियावन यादव एड, अशोक कुमार कनौजिया एडवोकेट, प्रेमप्रताप विश्वकर्मा एड, प्रदीप कुमार मौर्य एडवोकेट, मुस्ताक अहमद, अनिल कुमार पटेल एडवोकेट, नवीन पांडे एड आदि लोग उपस्थित थे।

## अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के पास अशर्फी भवन के पास अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेन्टर/प्रेस क्लब बनकर तैयार हो गया: डॉ मुरलीधर सिंह

संवाददाता

**अयोध्या।** जनपद मुख्यालय अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि परिसर के पास अशर्फी भवन के पास अंतरराष्ट्रीय मीडिया सेन्टर/प्रेस क्लब बनकर तैयार हो गया है। इसका निर्माण लोक निर्माण विभाग के प्रान्तीय खण्ड द्वारा किया गया था। इसकी औपचारिक कार्य अवशेष थे जो उसके अधिकारी द्वारा बताया गया कि पूर्ण हो गये है तथा श्री राम जन्मभूमि में प्राण प्रतिष्ठा समारोह 22 जनवरी 2024 को निश्चित किया गया है इसके पूर्व में पत्रकारों के हित को ध्यान में रखते हुए इसको चालू किया जाना आवश्यक है। इसके क्रम में उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह द्वारा मीडिया सेन्टर के प्रभार देने हेतु कर्मचारी तैनात करने हेतु मा0 सूचना निदेशक, मा0 प्रमुख सचिव सूचना को अनेको पत्र लिखा जा चुका है लेकिन अभी तक कोई कर्मचारी की तैनाती नहीं हुई है क्योंकि मण्डलीय सूचना कार्यालय से नवनिर्मित मीडिया सेंटर अयोध्या



की दूरी लगभग 15 किमी0 है तथा सूचना विभाग में कुल स्वीकृत पत्र 13 के विपरीत मात्र 3 लोग तैनात है इसलिए उपनिदेशक ने वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर इसके औपचारिक हैंडओवर की कार्यवाही जनवरी 2024 के प्रथम सप्ताह में वरिष्ठ अधिकारियों मा0 मण्डलायुक्त, मा0 पुलिस महानिरीक्षक, मा0 जिलाधिकारी, मा0 वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मा0 नगर आयुक्त तथा मीडिया कर्मियों की उपस्थिति में किया जायेगा। इस बाबत लोक निर्माण विभाग प्रान्तीय खण्ड के अभियन्ता को इस बाबत आज पत्र लिख दिया गया है। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि मीडिया सेंटर के संचालन हेतु मा0 मुख्यमंत्री के अनुमोदन से उत्तर प्रदेश शासन के अपर मुख्य सचिव सूचना द्वारा सूचना अनुभाग-2 के शासनादेश संख्या 1025 दिनांक 06 दिसम्बर 2021 द्वारा मा0 जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें पदेन सदस्य वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पदेन सदस्य नगर आयुक्त के अलावा 02 इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के वरिष्ठता के अनुसार मान्यता प्राप्त पत्रकार तथा 02 प्रिन्ट मीडिया के पत्रकार तथा जिला स्तर ग्रामीण पत्रकार के पदाधिकारी सदस्य के रूप में रहेंगे तथा जिला सूचना अधिकारी/सहायक सूचना निदेशक/उप निदेशक सूचना इसके सदस्य संयोजक होंगे। हैंडओवर के बाद औपचारिक समिति का गठन जनवरी माह में किया जाएगा, क्योंकि 31 दिसम्बर के बाद मान्यता प्राप्त पत्रकार के नवीनीकरण की प्रक्रिया 29 फरवरी 2024 तक चलेगी। इस मीडिया सेन्टर में प्रत्येक कार्यक्रम के लिए जैसे-प्रेसवार्ता, गोष्ठी आदि हेतु सूचना विभाग द्वारा बुकिंग किया जायेगा। सूचना विभाग के वेबसाइट पर जिला स्तर पर गठित समिति के सामने आवेदन करना होगा, जिसमें प्रत्येक कार्यक्रम के लिए 2000/रुपये का शुल्क देना अनिवार्य होगा तथा यह धनराशि भवन के रखरखाव हेतु राष्ट्रीयकृत बैंक में पृथक से खाता खोलकर उपयोग की जायेगी। शासनादेश दिनांक 06 दिसम्बर 2021 का संलग्न है। इसमे सभी से उपनिदेशक डा मुरलीधर सिंह ने सहयोग की अपील की है तथा नये मीडिया सेंटर के लिए बधाई दी है।

## इंटरलॉकिंग सड़क का हुआ लोकार्पण ग्रामीणों में हर्ष



❖ सदर ब्लॉक के ग्राम पंचायत भरहिया प्राथमिक विद्यालय मार्ग।

संवाददाता

**सोनभद्र।** सदर ब्लॉक विकासखंड रावटसगंज के ग्राम पंचायत भरहिया में प्राथमिक विद्यालय से लालमणि के घर तक जनहित में इंटरलॉकिंग का काम करवाया गया सड़क का मुख्य अतिथि भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष काशी/सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत द्वारा उद्घाटन करते हुए आम जनमानस के समस्याओं का कराया निजात। वहीं मुख्य अतिथि सदर ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि भाजपा सरकार में सबका विकास सबका साथ सबका विश्वास वाली सरकार है गांव में प्राथमिक विद्यालय तक आने को लेकर काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था जिसको लेकर गांव के ग्राम प्रधान व अन्य लोगों द्वारा अवगत कराया गया जिसको प्राथमिकता लेते हुए भाजपा सरकार के अधिकारियों को कड़े दिशा निर्देश देते हुए जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य कराया गया और आज लोकार्पण कराकर वह संभव कर पूर्ण कराया गया जिससे बच्चों के साथ आम जनमानस को भी आने-जाने में सहूलियत मिलेगी श्री रावत ने बताया कि भाजपा सरकार में कोई भी सड़क गड्ढा योग नहीं है कोई भी गांव में गरीब पात्र व्यक्ति बिना लाभ के वंचित नहीं है अगर है तो उसको चिन्हित कराकर तत्काल लाभ दिलाने का कार्य जा रहा है वही विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रधान संघ अध्यक्ष पूर्व जिला मंत्री भाजपा सुरेश शुक्ला ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि लोग मौजूद रहे।

## एक नज़र

### फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग में रोजगार के असीम अवसर: अमित कुमार

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के फार्मेसी संस्थान में फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग में रोजगार के अवसर विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता फार्मा सेक्टर उत्तर प्रदेश के जोनल अधिकारी अमित कुमार पांडेय ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि फार्मास्यूटिकल मार्केटिंग में रोजगार की असीम संभावनाएं है। इस दिशा में विद्यार्थियों को प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि उच्चतम फार्मा कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के लि स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की जानकारी रखनी आवश्यक है। इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर प्रो0 शैलेंद्र कुमार, कोर्स कोऑर्डिनेटर डॉ0 अनिल कुमार एवं डॉ0 सिंधु सिंह तथा फार्मेसी विभाग के शिक्षक डॉ0 विमल कुमार, डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 अंकुर श्रीवस्तव, डॉ0 विष्णु प्रसाद यादव, विनीत कुमार, कुनाल व दीपा यादव सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

### अयोध्या में राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले होगा यह आयोजन

**अयोध्या।** भगवान राम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले मीडिया के जरिए आम जनमानस को दिखाया जाएगा रामलला का भव्य मंदिर । इस अवसर पर 26, 27, 28 और 29 दिसंबर को मीडिया को किया गया है राम जन्म भूमि परिसर में आमंत्रित । दिल्ली विश्व हिंदू परिषद के तरफ से मीडिया को किया गया है आमंत्रित, 26 दिसंबर को प्रिंट मीडिया 27 दिसंबर को इलेक्ट्रॉनिक मीडिया 28 दिसंबर को सोशल मीडिया और 29 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मीडिया को राम जन्मभूमि परिसर में किया जाएगा आमंत्रित। राम लला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले रामलला के मंदिर की तस्वीर आम जनमानस को मीडिया के जरिए जाएगी दिखाई, प्राण प्रतिष्ठा के लिए दिसंबर के आखिरी सप्ताह तक पूरा हो जाएगा मंदिर का गर्भ गृह । इस अवसर पर भगवान के भव्य मंदिर में विराजमान होने से पहले घर बैठे राम भक्त राम लला के मंदिर का करेंगे दर्शन।

### अयोध्या में रेलवे बोर्ड सदस्य ने लिया जायजा

**अयोध्या।** रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा पहुंची अयोध्या । उन्होंने अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन और रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन पर अधिकारियों के साथ बैठक किया । इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर रेलवे के द्वारा दी जाने वाली श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर चला मंथन का दौर शुरू है । उन्होने बताया कि अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के निकट के सभी स्टेशनों की गई समीक्षा । प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर चलाई जाने वाली स्पेशल ट्रेनो को लेकर बैठक में चला मंथन । अयोध्या पहुंची रेलवे बोर्ड की अध्यक्ष जया वर्मा सिन्हा ने कहा कि अयोध्या एरिया का किया गया है निरीक्षण । 22 जनवरी के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की है उम्मीद, आने वाले श्रद्धालु और प्रेरकों के सुविधाओं की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी की की जा रही है समीक्षा । उन्होंने बताया कि अयोध्या क्षेत्र में सभी रेलवे स्टेशनों और रेलवे ट्रैक का चल रहा है अपग्रेशन, रेलवे ट्रैक के डबलिंग का कर चल रहा है कार्य । उन्होने बताया कि 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री के अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के कार्यक्रम पर कहा कि अभी चल रही है वार्ता फाइनल होने पर किया जाएगा सूचित । उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर ज्यादा से ज्यादा ट्रेने चलाने की है तैयारी । इसके लिए रेलवे ट्रैक पर चल रहा है कार्य । इसलिए अयोध्या धाम में कुछ ट्रेन टेंपरेरी की गई है बंद है । उन्होंने कहा कि 30 दिसंबर को अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन की नई बिल्डिंग को किया जा सकता है हैंडओवर । प्राण प्रतिष्ठा के लिए चालू की जाने वाली सभी स्पेशल ट्रेन की जाएगी अनाउंस, बुकिंग फुल होने के बाद यदि ट्रैक होगा अवेलेबल तो और भी चलाई जाएगी स्पेशल ट्रेन।

### थल सेनाध्यक्ष ने किया दर्शन

**अयोध्या।** भारतीय थल सेना के अध्यक्ष ने किया अयोध्या में दर्शन पूजन । इस अवसर पर उन्होंने रामलला हनुमानगढ़ी पर किया दर्शन और पूजन, प्रथम पाली में दर्शन के लिए पहुंचे थे भारतीय थल सेना के अध्यक्ष, जनरल मनोज पांडे । उन्होंने निर्माणाधीन राम मंदिर का भी अवलोकन किया और लगभग 1 घंटे राम जन्मभूमि परिसर में रहे।

### कृषि विवि में पुरातन छात्र संगठन का वार्षिक सम्मेलन 24 से

**कुमारगंज अयोध्या।** आचार्य नरेंद्र कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में पुरातन छात्र संगठन का वार्षिक सम्मेलन 24 व 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर विश्वविद्यालय की कमेटी हाल में गठित समिति के अध्यक्षों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर कुलपति ने कई मुद्दों पर चर्चा की। पुरातन छात्र संगठन के वार्षिक सम्मेलन में लगभग 400 पुराने छात्र-छात्राओं का जमावड़ा लगेगा। यह सभी पूर्व के छात्र अपने-अपने विचारों को साझा करेंगे साथ ही साथ संगठन की मजबूती पर भी चर्चा होगी। कुलपति ने कल्पना के अनुसार पुरातन छात्रों को समाज सेवा में आने के लिए कहा एवं विश्वविद्यालय विकास में अपना सहयोग देने की बात कही। कुलपति ने कहा कि किसी भी विश्वविद्यालय की पूंजी पुरातन छात्र होते हैं जो समाज में संस्थान की शुरुआत से लेकर ही प्रगति, उत्थान एवं उनके प्रयासों के उदाहरण होते हैं। बैठक के दौरान कृषि महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ प्रतिभा सिंह, पुरातन छात्र संगठन के सचिव डॉ आलोक सिंह, डॉ एन आर मीणा सहित विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता निर्देशक एवं वैज्ञानिक मौके पर मौजूद रहे।

## अवध विवि में एक दिवसीय नेत्र स्वास्थ्य शिविर लगाया गया

संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के समाज कार्य विभाग में स्थापित क्यू क्लब में सिफ्सा लखनऊ एवं एनएचएम उत्तर प्रदेश के तहत एक दिवसीय निःशुल्क नेत्र स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इस शिविर का शुभारंभ नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश सिंह एवं प्राचार्य प्रो0 ज्ञानेंद्र कुमार राजर्षि दशरथ ऑटोनॉमस स्टेट मेडिकल कॉलेज, अयोध्या, डॉ एके सिंह सीएमएस, डॉ पंकज बर्नवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं संजय यादव द्वारा किया गया। इस स्वास्थ्य शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज बर्नवाल ने लगभग 70 छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों के आंखों की जांच की तथा आंखो का परीक्षण किया। इसमें 60 पर्सेंट लोगों में दूर




दृष्टि एवं कुछ में निकट दृष्टि की भी समस्या पाई गई। वहीं कुछ लोगों की आंखों में पानी आने की शिकायत मिली। विशेषज्ञ द्वारा उन्हें दवाई लेने और चश्मा लगाने की सलाह दी । नोडल अधिकारी डॉ0 दिनेश ने बताया कि शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखें होती है इसलिए इसकी सुरक्षा जरूरी है। डॉ0 पंकज ने आंखों की बनावट, साफ सफाई और सुरक्षा के उपाय से अवगत कराया। शिविर का संचालन डॉ0 प्रज्ञा पांडे ने किया। इस शिविर में डॉ0 दिवाकर त्रिपाठी, डॉ0 त्रिलोकी यादव, स्वतंत्र त्रिपाठी पल्लव सीमा तिवारी, विवेक सिंह, संध्या सिंह अंकुर वर्मा, राजेश कुमार, अभिषेक वर्मा, आदित्य सिंह संतोष कौशल, विशाल, मो0 अजीम, संजय मिश्रा, अंजली भारती, शीतल, प्रज्ञा तिवारी, अरुणा, कुमारी अनुष्का, आकांक्षा, साक्षी माथुर, समृद्धि सिंह, अनुपमा, कुसुम वर्मा, पिंकी यादव, रुचि यादव सहित अन्य की उपस्थित रही।

## खेलों से बढ़ता है बच्चो का आत्मविश्वास-अयोध्या महापौर

संवाददाता

**अयोध्या।** बेसिक शिक्षा परिषद की जनपदीय रैली का शुभारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर राज्य विद्यालयी क्रीड़ा संस्थान स्पोर्ट्स स्टेडियम मकबरा पर अयोध्या के महापौर गिरीशपति त्रिपाठी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित करके किया, मुख्य अतिथि महापौर जिला पंचायत अध्यक्ष ,नगर विधायक का शिक्षक प्रतिनिधियों द्वारा माल्यार्पण करके स्वागत किया गया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय,वित्त लेखाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह,नोडल प्रभारी राजेश कुमार सिंह ने महापौर ,जिला पंचायत अध्यक्ष और नगर विधायक को स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्य अतिथि महापौर गिरीशपति त्रिपाठी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने मैदान पर गुब्बारे छोड़कर औपचारिक रूप से खेल प्रारंभ कराया,मुख्य अतिथि के सामने सरस्वती वंदना,स्वागत गीत के साथ 100/50 मीटर की दौड़ का खेल कराया गया।प्रतियोगिता शुभारंभ के अवसर पर महापौर गिरीशपति ने कहा कि खेलों के माध्यम से बच्चों में आत्मविश्वास की वृद्धि होती है और आपसी प्रतिस्पर्धाओं से बच्चों में अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है,खेल के माध्यम से बच्चे आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होते हैं और यही बच्चे भविष्य में देश का नाम रोशन करेंगे।जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने कहा कि बालक और बालिकाओं को खेलों के माध्यम से आगे बढ़ाने की जरूरत है ऐसी प्रतियोगिताओ से बच्चों में खेल भावना के साथ ही सामुदायिक और सहयोगात्मक भावना का भी विकास होता है।नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बच्चे खेलों में देश का नाम रोशन कर रहे हैं प्रतिभाशाली बच्चों को आगे बढ़ाने की जरूरत है जिससे बच्चे देश का नाम रोशन कर सकें,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने सभी अतिथियों का आभार जताया। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी,प्राशिसंघ जिलाध्यक्ष संजय सिंह,जिला महामंत्री प्रेम कुमार वर्मा,महामंत्री चक्रवर्ती सिंह,कोषाध्यक्ष सचिन त्रिपाठी कोषाध्यक्ष वीरेंद्र भारती,राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ संयोजक अजीत सिंह,अटेवा जिलाध्यक्ष विजय प्रताप सिंह,एआरपी संघ के संरक्षक डा नीरज शुक्ला पीएसपीएस प्रांतीय संयोजक पंकज यादव, मनोरमा साहू जिलाध्यक्ष, नोडल अधिकारी राजेश कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव, केपी सिंह,अतुल वर्मा, अख्तर अहमद खां, विनोद यादव, राज नारायण सिंह, धर्मवीर चौहान, अवधेश यादव, अनुज सिंह, राजन श्रीवास्तव, गौतम तिवारी , रामजी द्विवेदी, आशुतोष पटेल, अखण्ड प्रताप सिंह, आदित्य शुक्ला,आयुष सिंह प्रदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

## घमंडिया गठबंधन के खिलाफ भाजपा किसान मोर्चा ने जलाया पुतला



संवाददाता

**सोनभद्र।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष यादवेंद्र दत्त द्विवेदी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने घमंडिया गठबंधन के नेता राहुल गांधी का स्वर्ण जयंती चौक पर पुतला फुका जिला अध्यक्ष ने बताया कि घमंडिया गठबंधन के नेता सदन में उपराष्ट्रपति को अपमानित करने का काम किया है घमंडिया गठबंधन देश में अपनी लगातार हो रही हार से बौखलाया हुआ है और अपना आपा खो बैठा है यह सरकार विरोधी लोगों का एक ठग बंधन है जो आज तक देश की जनता को ठगते आए हैं अब देश की जनता ने प्रधानमंत्री मोदी जी पर अपना विश्वास जाते हैं और मोदी जी की नेतृत्व में भाजपा की देश भर में और सभी राज्यों में सरकार बन रही है और जनता के भरोसे पर खरा उतर रही है जनता मोदी जी के साथ खड़ी है इसको देखकर विपक्षी बोखला गए हैं इसी का नतीजा है कि वे अपने वास्तविक चरित्र का प्रदर्शन कर रहे हैं बिहार में नीतीश ने दूसरों को ठगने के लिए जनगणना कराई आज तक किसी का भला नीतीश ने नहीं किया है यह विपक्ष है अब अपना अंतिम सांसें गिन रहा है घमंडिया गठबंधन के कृत्य को जनता समझ चुकी है अब उनके बहकावे में नहीं आने वाली देश के प्रधानमंत्री मोदी जी पर सबको भरोसा है घमंडिया गठबंधन के नेता उपराष्ट्रपति को अपमानित कर शर्मसार करने का काम किया है जिस किसी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा मुंह तोड़ जवाब दिया जाएगा किसानों में गहरी नाराजगी है इस मौके पर राजेश मिश्रा दयाशंकर पांडे अनूप तिवारी मनोज सोनकर इंजीनियर रमेश पटेल पप्पू दुबे गंगा सिंह दीपचंद महतो आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मॉडल शॉप में चेहरे पर शराब फेंकने को लेकर मारपीट, युवक का सिर फटा

संवाददाता

**गोरखपुर।** एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मारपीट में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

गोरखपुर में कैंट इलाके के सिविल लाइन में स्थित मॉडल शॉप में बुधवार रात साथ बैठकर शराब पी रहे युवकों में मारपीट हो गई। आरोप है कि एक युवक ने साथी के चेहरे पर शराब फेंक दी। मारपीट में नौसड़ के रहने वाले अखिलेश का सिर फट गया। घटना के बाद मॉडल शॉप कैंटीन संचालक ताला बंद कर फरार हो गया और घायल युवक वहीं तड़पता रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ताला खुलवाकर युवक को जिला अस्पताल भिजवाया। नौसड़ निवासी अखिलेश बुधवार को



साथियों के साथ मॉडल पर गया था। रात 9-30 बजे अखिलेश कुछ देर के लिए बाहर निकल गया। लौटकर भीतर गया तो उसकी शराब की गिलास साथी ने गिरा दी थी। बताया जा रहा है इसी का विरोध करने पर साथी ने उसके चेहरे पर शराब फेंक दी और मारपीट शुरू हो गई। अखिलेश के घायल होने पर अंदर बैठे अन्य युवक फरार हो गए। मॉडल शॉप के कर्मचारी भी गेट बंद कर दिए। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गेट खुलवाया और घायल अखिलेश को अस्पताल भेजा और उसके परिजनों को भी सूचना दी। पुलिस को सूचना न देने और पीड़ित को अंदर बंद कर देने के मामले में दो कर्मचारियों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मारपीट में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच की जा रही है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## जिला प्रशासन ने किसान दिवस को बनाया मजाक

संवाददाता

**आगरा।** बिचपुरी के वी के में किसान दिवस हर माह के तीसरे बुधवार को लगता है समय 12,बजे तक कोई अधकरी मौके पर नही था सभा कछ में कोई नही था। मौके पर पहुंचे किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने देखा तो कोई नही अधिकारी फील्ड में गुम रहे थे जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार लीड बैंक मेनेजर बिजली विभाग अधीक्षण अभियंता अलोक गुप्ता नहर विभाग एसडीओ पकज्ज अग्रवाल थे। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने देखा तो अधिकारियों मे घगधड़ मची तो किसान नेता ने पूछा की किसान दिवस कहा है तो अधिकारी चुप रहे मौके पर सभा कछ में आए जब जाकर 12,20,सुरु हुआ तो किसान नेता ने आड़े हाथ लिया। किसान नेता ने कृषि विभाग के अधिकारी यो पर आरोप लगाया 5,वर्ष मे 100,से अधिक किसानों को अनुदान के नाम टैक्टर दिए हैं



उह कहा पर हे फर्जी किसान और फर्जी आधार काड़ लगाकर खेल किया है और कृषि यंत्रों में खेल किया है। किसान नेता श्याम सिंह चाहर ने उद्यान विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाए चार साल में 1000, हजार से अधिक वोरिग की गई है जो कुल फर्जी हे आगरा जनपद डार्क गोशित है कहा लगी है जब पूरा देश कोरोणा से पीड़ित था कोई भी इधर उधर जाना माना था कई योजनाओं में खुल कर फर्जी बढ़ा किया। भाकियू प्रदेश संगठन महामंत्री मंत्री रविंद सिंह ने नहर विभाग अधिकारियों पर आरोप लगाया नहरों की सिल्ट सफाई के तहकेदारो को टेका दिया केवल घास निकली गई कुछ की आज तक कोई सफाई नही हुई जांच होनी चाहिए तो एसडीओ नहर के पकज अग्रवाल ने कोई जवाब नही दिया। आलू समति के जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण बगेल ने सीवीओ से माग की किसानों की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं आवारा पशु इन को गौ साला में पकड़ कर भेजा जाय केवल गौ माता ओ के नाम पर केवल खाना पुती हो रही। किसान नेता परदीप शर्मा ने माग की राज्य सरकार ने ओटीएस योजना चलाई जा रही है इस को पूरी 100,त्र,माफी की चलाई जाए किसानों के टुवेलो के विल माफ किए जाय अधीक्षण अभियंता अलोक गुप्ता ने कहा अभी कोई आदेश नहीं आया है। मुकेश शर्मा ने कहा किसानों को 8, गंटे बिजली 12,घंटे किया जाय की माग की सोमवीर यादव ने कहा किसानों को रात का चौकीदार बनाडिया है किसी यजनयो का लाभ नही दिया। मौके पर किसान दिवस किसान नेता श्याम सिंह चाहर लक्ष्मी नारायण रामगोपाल शर्मा कालु यादव करतार सिंह चाहर सोमपाल चाहर सोमवीर यादव आदि उपस्थित थे।

## सपा नेता व पूर्व कैबिनेट मंत्री राम अचल राजभर व पूर्व मंत्री लालजी वर्मा ने अयोध्या में की भाजपा की कड़ी निन्दा

संवाददाता

**अयोध्या।** पूर्व कैबिनेट मंत्री लाल जी वर्मा ने कहा कि देश में लोकतंत्र बचाना है संविधान बचाना है, ऐसी स्थिति में भाजपा को उत्तर प्रदेश से पूरी तरह से 80 की 80 सीटों पर हराने का काम करना है, इस लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं।अयोध्या आए पूर्व कैबिनेट मंत्री राम अचल राजभर ने कहा कि, प्रदेश की 80 की 80 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए पदाधिकारी को लगा दिया गया है, पार्टी ने चुनाव जीतने के लिए कमर कस लिया है, आम जनता के बीच में जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों को बताने का काम करेंगे, महंगाई, भ्रष्टाचार,कानून व्यवस्था और भाजपा के डिक्टेटरशिप के मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव, प्रदेश की 80 की 80 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं



इंडिया गठबंधन,गठबंधन तय करेगा प्रदेश में कितनी सीटें मिलनी हैं, जो सीटे सपा को मिलेगी सपा पूरी ताकत से चुनाव लड़ेगी, इंडिया का परचम दिल्ली में लहराएंगे, सांसदों के निलंबन राम अचल राजभर ने कहा कि विपक्ष के सांसदों को सदन के अंदर जनहित के मुद्दे पर किसान के मुद्दे पर कानून व्यवस्था की मुद्दे पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अगर सवाल उठाते हैं तो उनका मुंह बंद करने का काम किया जा रहा है, यह लोकतंत्र की हत्या है, प्रजातंत्र की हत्या है । सर्किट हाउस में दोनों नेताओं से सपा नेता जयशंकर पांडे ने की मुलाकात।

# रिश्वत के रुपयों को लेकर चौकी में भिड़े यूपी पुलिस के सिपाही

संवाददाता



**बरेली।** बरेली जिले की नवाबपुरा पुलिस चौकी में मंगलवार को रिश्वत के रुपयों को लेकर दो सिपाही भिड़ गए। दोनों ने बेंत निकाल लिए। हंगामा होता देख वहां भीड़ जुट गई। हालांकि, इंस्पेक्टर ने विवाद की बात से इन्कार किया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार को चौकी के एक गांव में झगड़ा हो गया था। महिला ने चौकी पुलिस को तहरीर दी थी। झगड़े के बाद दोनों पक्षों में समझौता हो गया। बताया जा रहा है कि महिला ने कुछ रुपये एक सिपाही को दिए। यह रुपये सिपाही ने चुपचाप रख लिए। बातचीत के दौरान रिश्वत का मामला खुल गया। हिस्सा न मिलने से नाराज सिपाही ने इसका विरोध किया। कहासुनी के बाद नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। झगड़ते हुए वह चौकी से बाहर निकल आए। सिपाहियों को झगड़ा करते देख वहां भीड़ जुट गई। सिपाहियों ने एक-दूसरे को मारने के लिए बेंत निकाल लिए। साथियों ने समझाकर उन्हें शांत किया। इस मामले में जब इंस्पेक्टर राजेश कुमार से बात की गई तो उन्होंने झगड़े की बात से इन्कार किया। मामले में एसपी (ग्रामीण) मुकेश मिश्रा ने जानकारी से इन्कार किया।

### दरोगा पर रुपये छीनने का आरोप

उधर, चेयरमैन के भाई ने थाने के एक दरोगा पर रुपये छीनने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। शिकायतकर्ता हरीश कुमार ने बताया कि बुधवार रात करीब 8ः30 बजे वह जरूरी काम से नगर पंचायत कार्यालय जा रहे थे। रास्ते में दरोगा ने कार रुकवा ली। आरोप है कि दरोगा शराब के नशे में था। उसने शराब के लिए रुपये मांगे। मना करने पर वह अभद्रता पर उतारू हो गया। जेब में रखे 11 हजार 700 रुपये छीन लिए। शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। इस मामले में थाना अध्यक्ष सतीश कुमार से बात करने पर उन्होंने तहरीर मिलने की बात से इन्कार किया।

# शराब को लेकर योगी सरकार के फैसले पर भड़के वरुण गांधी



संवाददाता

**बरेली।** पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी अक्सर अपनी बयानबाजी से सुर्खियों से रहते हैं। वह प्रदेश व केंद्र सरकार की नीतियों की खुलकर अलोचना भी करते हैं। इस बार भाजपा सांसद ने उत्तर प्रदेश की नई आबकारी नीति को लेकर योगी सरकार को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने शराब को लेकर सरकार के फैसले पर सवाल खड़े किए हैं। वरुण गांधी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा है कि क्या 'रामराज्य' में सरकार के पास राजस्व बढ़ाने के लिए इससे (शराब से) बेहतर विकल्प नहीं है? बता दें कि योगी सरकार ने नई शराब नीति को मंजूरी दी है। नई नीति के तहत रेलवे और मेट्रो स्टेशन पर भी अब शराब का प्रीमियम ब्रांड उपलब्ध होगा। भाजपा सांसद ने कहा कि करोड़ों परिवार उजाड़ने वाली शराब का 'राजस्व वृद्धि' के लिए प्रचार किया जाना दुखद है। शराब का नकारात्मक असर शराबी से अधिक उनके परिवार पर पड़ता है, महिलाओं व बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है। वरुण गांधी से पहले सपा प्रमुख अखिलेश यादव भी नई आबकारी नीति पर सवाल उठा चुके हैं।

अखिलेश यादव ने यूपी सरकार द्वारा प्रदेश के रेलवे और मेट्रो स्टेशनों पर प्रीमियम ब्रांड शराब बेचने की अनुमति देने पर कहा कि क्या अब भाजपा सरकार के पास प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन बनाने के लिए यही रास्ता बचा है। उन्होंने कहा कि इसका मतलब तो यही हुआ कि प्रदेश में लाखों-करोड़ों के निवेश का दावा झूठा है।

# जे. सी. चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष बने, सुधांशु गुप्ता




संवाददाता

**उझानी, बदायूँ।** जुनियर चैंबर इंटरनेशनल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक सीनेटर सुधांशु गुप्ता को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य का जे सी चेंबर ऑफ कॉमर्स का अध्यक्ष बनाया गया है। अभी हाल ही में सुधांशु गुप्ता को राष्ट्रीय बिजनेस अकादमी द्वारा सघन ट्रेनिंग के उपरांत बिजनेस कोच नियुक्त किया गया था सुधांशु गुप्ता के ऊपर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जेसी मेंबरों के मध्य जेसी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स टेबल्स की स्थापना करना, ऐप से व्यापारिक प्रोत्साहन शुरू करना और जै कॉम पोर्टल के माध्यम से नेटवर्किंग स्थापित करना और जैसी सदस्यों के मध्य आपस में व्यापार स्थापित करने को प्राथमिकता देना का लक्ष्य दिया गया है। मंडल दो के अध्यक्ष जैसी सुमित अग्रवाल के द्वारा उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड राज्य की जीसस चैंबर ऑफ़ कॉमर्स के अध्यक्ष पद के दायित्व का प्रमाण पत्र देकर उनको कार्यभार सोपा गया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष जैसी रुचिर गोयल द्वारा बताया गया कि सुधांशु गुप्ता राष्ट्रीय स्तर पर मंडल दो का चेहरा है। मंडल दो को आज सुधांशु गुप्ता के नाम से भी जाना जाता है पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जैसी गौरव अग्रवाल द्वारा सुधांशु गुप्ता को विशेष आकृति की पिन देकर उनका दायित्व ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं उत्तर भारत के प्रभारी जेसीआई अंबाला के सदस्य जैसी अंकुश गुप्ता भी उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में मंडल के जॉन गर्वनिंग बोर्ड के सदस्य जैसी नामित मित्तल जैसी प्रवीण बुधौलिया जैसी आयुष मित्तल जैसी संयम गुप्ता सहित मंडल के कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित थे।

## एक नज़र

### पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने जहर खाकर दी जान

**झांसी।** गरौठा के दुरखुरू गांव में पति से झगड़े के बाद विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी। परिजनों का कहना है कि दोनों के बीच अक्सर विवाद होता था। सोमवार को दोनों खेत में दवा का छिड़काव कर रहे थे। उसी दौरान दोनों में विवाद होने लगा। इसी दौरान विवाहिता ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मंगलवार सुबह उसकी मौत हो गई। दुरखुरु गांव निवासी कमलेश अहिरवार पत्नी चमेली (30) के साथ सोमवार को खेत में दवा का छिड़काव कर रहा था। परिजनों का कहना है कि इसी दौरान दोनों के बीच विवाद होने लगा। कमलेश ने शराब भी पी रखी थी। गुस्से में आकर उसने सबके सामने चमेली के साथ गाली गलौज कर दी। यह बात चमेली को नागवार गुजरी। खेत से वह सीधे घर पहुंची। यहां उसने जहरीला पदार्थ निगल लिया। शाम को जब परिजन घर पहुंचे, तब चमेली अचेत हाल में बिस्तर पड़ी थी। परिजन तुरंत उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचे। मंगलवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

### बदली सरकारी स्कूल की काया तो निजी स्कूल छोड़कर बच्चे लेने लगे दाखिला

**झांसी।** एक ओर जहां अभिभावक सरकारी स्कूलों से बच्चों का नाम कटवाकर निजी स्कूलों में प्रवेश करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर झांसी में एक ऐसा सरकारी स्कूल है जहां बच्चे निजी स्कूल को छोड़कर प्रवेश ले रहे हैं। मऊरानीपुर ब्लॉक के गांव रूपाधमना का अंग्रेजी मीडियम प्राथमिक विद्यालय निजी स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था और भवन को मात दे रहा है। शिक्षकों ने इस स्कूल में कायाकल्प कर पुस्तकालय, फर्नीचर और स्मार्ट क्लास बनवाई। पहले जिस स्कूल में भैंसें बांधी जाती थीं, वहां अब बच्चे खुशी-खुशी पढ़ने पहुंच रहे हैं। शिक्षक बताते हैं कि इस बार 25 बच्चों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूल में प्रवेश लिया। मऊरानीपुर के गांव रूपाधमना के प्राथमिक विद्यालय को 2017 में अंग्रेजी माध्यम का दर्जा मिला। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार शर्मा बताते हैं कि पहले स्कूल की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। विद्यालय परिसर में गांववासी गाय-भैंसे बांध जाते थे। इसके बाद उन्होंने शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यालय की सूरत बदलने की पहल की। यहां शिक्षकों ने टीएलएम (शिक्षण सामग्री) तैयार की। इसमें चार्ट के जरिये अंकों का ज्ञान, फलों की जानकारी, थर्मामीटर, शब्द चक्र, विलोम शब्द और अन्य रोचक सामग्री शामिल की गई। इसके साथ ही विद्यालय में पुस्तकालय बनवाया गया। इसमें 350 पुस्तकें हैं। खेल मैदान के साथ ही बागवानी की गई। स्कूल की सूरत बदलने लगी तो गांव के निजी स्कूल के बच्चे इस सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने लगे। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र शर्मा बताते हैं कि स्कूल में 137 बच्चे पढ़ते हैं। इनमें से 25 बच्चे इस बार निजी स्कूल छोड़कर आए हैं। हर सुबह विद्यार्थियों को ड्रम के साथ पीटी करवाई जाती है। लगातार अभिभावकों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों की प्रगति और विद्यालय की बेहतरी के सुझाव लेते रहते हैं। पिछले साल यह स्कूल स्वच्छ विद्यालय में भी शामिल था।

### गला रेतकर युवती की हत्या, हत्यारे का सुराग नहीं, मृतका की भी नहीं हो सकी पहचान



**बरेली।** बरेली में बुधवार दोपहर 22 वर्षीय युवती का शव कैंट के ठिरिया निजावत खां में आम के बाग में मिला। युवती का गला रेता गया था। कपड़े अस्त-व्यस्त थे। मृतका की पहचान नहीं हो सकी है। आशंका है कि युवती की हत्या कहीं दूसरी जगह की गई और शव लाकर यहां फेंका गया। हालांकि अभी हत्यारे का सुराग नहीं लग सका है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे कुछ लोगों ने बाग में युवती का शव देखा। कैंट पुलिस की सूचना पर एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। युवती पीले रंग का सूट पहने थी, जिस पर सफेद रंग के फूल-पत्ते बने थे। पैरों में बादामी रंग के मोजे थे। एक पैर में काला धागा बंधा था। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान के अनुसार डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया जाएगा।? दुष्कर्म की आशंका के चलते स्लाइड भी बनाई जाएगी। कैंट क्षेत्र में युवती का शव मिलने के बाद डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पड़ताल की। घटनास्थल पर केवल उसी हिस्से में खून के निशान थे, जहां गले पर कट लगा था। जितना गला कटा था, उस लिहाज से काफी खून निकलना चाहिए था। संघर्ष के कोई निशान नहीं मिले। इस लिहाज से लग रहा था कि शव को कहीं और से लाकर यहां फेंका गया है। इसकी पुष्टि के लिए पुलिस ने वाहनों के टायर आदि के निशान भी खंगाले।

**लापता नेहा के ससुरालियों को बैठाकर की पूछताछ**

बदायूं की नेहा नाम की युवती बरेली से लापता है। कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज है। मंगलवार को उसके परिजनों ने ससुरालियों पर नेहा को गायब करने का आरोप लगाया था। कैंट में शव मिलने के बाद शोर मचा कि नेहा की हत्या कर दी गई है। पुलिस ने शव का फोटो नेहा के पिता को भेजा तो उन्होंने पहचानने से इन्कार कर दिया। इधर, कोतवाली प्रभारी डीके शर्मा ने नेहा के पति राहुल वार्ष्णेय व उसके परिजनों को बैठाकर पूछताछ की। चेतावनी दी कि नेहा के साथ कोई अनहोनी हुई तो वह बच नहीं पाएंगे। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने बताया कि पहचान न होने से शव का पोस्टमॉर्टम अभी नहीं कराया है। पोस्टमॉर्टम डॉक्टरों के पैनल से होगा, जिसकी वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी। युवती पूरे कपड़े पहने थी, फिर भी दुष्कर्म की आशंका में स्लाइड बनाई जाएगी। शव के फोटो आसपास के जिलों में भी भेजे गए हैं।

# कुंवरगांव थाना क्षेत्र में बेखौफ हुए चोरों के हौसले बुलंद थाना पुलिस पिछली चोरियों का खुलासा करने में रही है फेल



❖इस बार एक पंचायत घर को बनाया अपना निशाना इन्वर्टर, बैटरी, कम्प्यूटर सहित हजारों की चोरी।

संवाददाता

**कुवरगांव।** थाना क्षेत्र में बेखौफ हुए चोरों के हौसले इन दिनों इतने बुलंद हैं कि आये दिन बाद चोरियों की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं लगता है कि इन चोरों में पुलिस के नाम का खौफ खत्म सा हो गया है इसलिए ये अज्ञात चोर क्षेत्र में एक के बाद एक चोरी की घटना को आसानी से अंजाम देकर फुर्र हो जाते हैं और पुलिस को लगातार चुनौती पेश कर रहे हैं ,वहीं बात करें थाना पुलिस की तो थाना पुलिस पिछली चोरियों तक का खुलासा करने में फेल साबित हुई है, ताजा घटना बीती रात की है जहां इस बार इन बेखौफ चोरों ने इस बार एक पंचायत घर को अपना निशाना बना कर वहां से हजारों की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया,पूरा मामला कुवरगांव थाना क्षेत्र के गांव यूसुफ नगर का है जहां गांव में बने पंचायत घर में अज्ञात चोरों ने वहां का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी कर लिया है। पुलिस ने पंचायत सहायक की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है । जहां गांव के ही एक युवक को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है । पंचायत सहायक अरशद रजा बुधवार को जब पंचायत घर खोलने पहुंचे जहां गेट का ताला टूटा पड़ा था और अंदर इन्वर्टर, दो बैटरी, एक एलसीडी कम्प्यूटर सिस्टम गायब था जिसकी सूचना उन्होंने ग्राम प्रधान पति सलीम को दी जहां सलीम की सूचना पर थाना प्रभारी इंद्र कुमार ने पंचायत घर पर पहुंच कर जांच पड़ताल की पंचायत साहयक अरशद रजा ने थाने में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है पुलिस ने गांव के ही एक युवक को हिरासत में लिया है जिससे पुलिस पूछताछ कर रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी इंद्र कुमार का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

## बरेली-लखनऊ हाईवे पर बनेंगे चार पुल, यातायात को मिलेगी रफ्तार

**बरेली।** बरेली-लखनऊ हाईवे पर चार पुल और अंडरपास को जोड़ने के लिए एक अप्रोच मार्ग बनाया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने निजी फर्म के साथ इसके लिए 90 करोड़ रुपये का अनुबंध किया है। फर्म को एक साल में निर्माण पूरा कराना होगा। निर्माण पूरा होने के बाद हाईवे से रोज गुजरने वाले 25 हजार से अधिक वाहनों की रफ्तार बढ़ेगी। लखनऊ तक आने-जाने में करीब एक घंटे का समय बचेगा। बरेली से लखनऊ के बीच शाहजहांपुर में गर्रा नदी और सीतापुर जिले में तीन स्थानों पर पुल बनना है। एक स्थान पर अप्रोच रोड बनाकर उसे अंडरपास से जोड़ा जाना है। निर्माण वर्ष 2015 में होना था, लेकिन कार्यदायी संस्था काम अधूरा छोड़ गई। दूसरी संस्था को काम दिया गया तो वह भी छोड़ गई। एनएचएआई के अफसर बदलते रहे। काम अटका रहा।

# पेड़ की डाली टूट कर सर पर गिरने से युवक की मौत




संवाददाता

**सहसवान (बदायूं)।** सहसवान नगर के मोहल्ला हन्ना तकिया रुस्तम टोला निवासी काजिम पुत्र कासिम उम्र 24 ,25 वर्ष लगभग दो-तीन वर्ष पूर्व शादी हुई थी जिसकी एक डेढ़ वर्ष की बच्ची है। काजिम लकड़हारे के रूप में मजदूरी का कार्य करता था 19/ 12/ 2023 दिन मगलवार को सुबह लकड़ी काटने जंगल में गया तभी अचानक से उसके सर पर एक पेड़ की डाली टूट कर सिर पर गिर गई जिससे अचानक उसके सर में गहरी चोट लगी और वह वहीं जमीन पर गिर पड़ा आनंद-फानन में उसे सहसवान के एक निजी अस्पताल में ले गए वहा चिकित्सकों ने बरेली रहपर कर दिया बहा से दिल्ली रहपर कर दिया वहां 2 दिन इलाज होने के पश्चात उसकी मृत्यु हो गई मौत की खबर सुनते ही परिवार जनों में मौत का मातम पारस गया और परिवार जनों का रो-रो कर बुरा हाल है ।

# तीन हजार गोवंश भेजे आश्रय स्थल



संवाददाता

**झांसी।** सर्दी में सड़कों पर घूम रहे गोवंश को आश्रय स्थल पहुंचाने के लिए शासन की ओर जिला प्रशासन को लगातार निर्देशित किया जा रहा है। इसके बाद जिले में सड़कों पर घूम रहे तीन हजार गोवंशों को गो आश्रय स्थल पहुंचा दिया गया है। बता दें कि जिले में पांच हजार से अधिक गोवंश सड़कों पर घूम रहे हैं। कई बार यह दुर्घटना का शिकार होते हैं। इसे लेकर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश जारी कर गोवंश को सर्दी से बचाने के लिए गो आश्रय स्थल पहुंचाने को कहा था। इसके बाद नगर निगम, जिला पशु पालन विभाग और ग्राम पंचायतों ने अब तक 3000 से अधिक गोवंश को पकड़ कर जिले की नौ गोशालाओं में भेज दिया है। साथ ही सभी गोशालाओं में भूसा और हरे चारे की व्यवस्था की गई है। सीवीओ डॉ. अशोक कुमार ने बताया कि गोशालाओं में अब तक तीन हजार से अधिक गोवंश को पहुंचा दिया गया है। बाकी को 31 दिसंबर तक गो आश्रय स्थलों में पहुंचा दिया जाएगा।

# साथियों ने दसवीं के छात्र को जंगल में ले जाकर नंगा कर पीटा

संवाददाता




**झांसी।** झांसी के नवाबाद थाना इलाके में 10वीं के एक छात्र को उसके साथ पढ़ने वाले छात्रों ने रिसाला चुंगी के पास जंगल में ले जाकर नंगा करके पीटा। आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाकर इसे वायरल भी कर दिया। पीड़ित एक निजी विद्यालय में पढ़ता है।

उत्तर प्रदेश के झांसी जिले से हैरान करने वाली खबर सामने आई है। यहां 10वीं कक्षा के एक छात्र की उसके साथी छात्रों ने जंगल में ले जाकर बेरहमी से पिटाई की। पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की है। जानकारी के अनुसार, नवाबाद थाना इलाके में 10वीं के एक छात्र को उसके साथ पढ़ने वाले छात्रों ने रिसाला चुंगी के पास जंगल में ले जाकर नंगा करके पीटा। आरोपियों ने घटना का वीडियो बनाकर इसे वायरल भी कर दिया। पीड़ित एक निजी विद्यालय में पढ़ता है। उसका 200 रुपये के लेनदेन को लेकर अन्य छात्रों से विवाद हुआ था। विवाद के बाद सोमवार को आरोपी छात्र उसे कार में बैठाकर जंगल में ले गए। यहां उसे शराब पिलाई और उसके बाद कपड़े उतरवाकर बेरहमी से मारपीट की। पीड़ित पक्ष की ओर से विश्वविद्यालय पुलिस चौकी में शिकायत की गई है। पुलिस की आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की तैयारी है।

## बरेली में सर्द हवा ने बढ़ाई गलन... ठंड से ठिठुरे लोग; अभी और गिरेगा पारा

**बरेली।** बरेली में सर्द हवा चलने से सुबह और शाम गलन बढ़ गई है। हवा की दिशा बदलने से एक ओर रात के पारे में बढ़त तो दूसरी ओर दिन में तापमान लुढ़कता जा रहा है। बुधवार को एक डिग्री गिरावट के बाद अधिकतम पारा सामान्य से पांच डिग्री नीचे जा पहुंचा है। मौसम विभाग ने अभी ठंड और बढ़ने के आसार जताए हैं। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र से जारी बुलेटिन के अनुसार पूर्व उत्तर दिशा से चल रही हवा से रात में विकिरणीय शीतलन (उत्सर्जन) कम हो रहा है। लिहाजा, रात के पारे में तीन दिनों में करीब 3.5 डिग्री तक बढ़त हुई है। मंगलवार की रात तापमान 7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता



**झांसी।** बबीना थाना इलाके में पत्नी से हुए विवाद के बाद युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक शराब पीकर घर पहुंचा था। विरोध करने पर उसका पत्नी से विवाद हो गया था। इसके बाद उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। बबीना के मोहल्ला आरा मशीन निवासी धनसिंह अहिरवार का बेटा किशोरी अहिरवार (40) मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी था। मजदूरी से होने वाली कमाई वह अपना शराब का शौक पूरा करने पर खर्च कर देता था। सोमवार की रात भी वह शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा था। इसका उलाहना देने पर उसका पत्नी संगीता से विवाद हो गया था। इसके बाद वह घर से चला गया था और रात भर नहीं लौटा। अगले दिन भी उसका पता नहीं चला। मंगलवार की शाम पत्नी पास में ही स्थित अपने दूसरे घर में लकड़ी लेने पहुंची तो वहां किशोरी का शव फंदे पर लटका हुआ था। पत्नी की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारा और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बता दें कि मृतक किशोरी मूलरूप से दतिया जिले के ओरीना गांव के रहने वाला था। वह कई सालों से परिवार के साथ यहां आरा मशीन मोहल्ले में रह रहा था। उसके 16 साल का एक बेटा और 13 साल की बेटी है। हादसे के बाद से परिजनों का बुरा हाल बना हुआ है।

# बदली सरकारी स्कूल की बदली काया तो निजी स्कूल छोड़कर बच्चे लेने लगे

संवाददाता



**झांसी।** एक ओर जहां अभिभावक सरकारी स्कूलों से बच्चों का नाम कटवाकर निजी स्कूलों में प्रवेश करा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर झांसी में एक ऐसा सरकारी स्कूल है जहां बच्चे निजी स्कूल को छोड़कर प्रवेश ले रहे हैं। मऊरानीपुर ब्लॉक के गांव रूपाधमना का अंग्रेजी मीडियम प्राथमिक विद्यालय निजी स्कूलों की शिक्षण व्यवस्था और भवन को मात दे रहा है। शिक्षकों ने इस स्कूल में कायाकल्प कर पुस्तकालय, फर्नीचर और स्मार्ट क्लास बनवाई। पहले जिस स्कूल में भैंसें बांधी जाती थीं, वहां अब बच्चे खुशी-खुशी पढ़ने पहुंच रहे हैं। शिक्षक बताते हैं कि इस बार 25 बच्चों ने निजी स्कूल छोड़कर सरकारी स्कूल में प्रवेश लिया। मऊरानीपुर के गांव रूपाधमना के प्राथमिक विद्यालय को 2017 में अंग्रेजी माध्यम का दर्जा मिला। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र कुमार शर्मा बताते हैं कि पहले स्कूल की स्थिति बहुत ही दयनीय थी। विद्यालय परिसर में गांववासी गाय-भैंसे बांध जाते थे। इसके बाद उन्होंने शिक्षकों के साथ मिलकर विद्यालय की सूरत बदलने की पहल की। यहां शिक्षकों ने टीएलएम (शिक्षण सामग्री) तैयार की। इसमें चार्ट के जरिये अंकों का ज्ञान, फलों की जानकारी, थर्मामीटर, शब्द चक्र, विलोम शब्द और अन्य रोचक सामग्री शामिल की गई। इसके साथ ही विद्यालय में पुस्तकालय बनवाया गया। इसमें 350 पुस्तकें हैं। खेल मैदान के साथ ही बागवानी की गई। स्कूल की सूरत बदलने लगी तो गांव के निजी स्कूल के बच्चे इस सरकारी स्कूल में प्रवेश लेने लगे। प्रधानाध्यापक शैलेंद्र शर्मा बताते हैं कि स्कूल में 137 बच्चे पढ़ते हैं। इनमें से 25 बच्चे इस बार निजी स्कूल छोड़कर आए हैं। हर सुबह विद्यार्थियों को ड्रम के साथ पीटी करवाई जाती है। लगातार अभिभावकों के साथ बैठक कर विद्यार्थियों की प्रगति और विद्यालय की बेहतरी के सुझाव लेते रहते हैं। पिछले साल यह स्कूल स्वच्छ विद्यालय में भी शामिल था।

# भाजपा विधायकों ने वापस ली उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति को खारिज करने संबंधी याचिका

आवाज प्लस डेस्क

**शिमला।** हाईकोर्ट में सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 2 जनवरी को होगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती समेत अन्य विधायकों ने उप मुख्यमंत्री की नियुक्ति को खारिज करने संबंधी याचिका को हाईकोर्ट से वापस ले लिया है, जबकि अन्य मुख्य संसदीय सचिवों (सीपीएस) की नियुक्तियों को खारिज करने की मांग को जारी रखा है। हाईकोर्ट में सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई 2 जनवरी को होगी। न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश संदीप शर्मा की खंडपीठ के समक्ष इस मामले पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से बहस पूरी होने के बाद इस मामले में राज्य सरकार की ओर से बहस हुई। अब मामले की आगामी सुनवाई 2




जनवरी को निर्धारित की गई है। भाजपा विधायक सतपाल सत्ती समेत 12 भाजपा नेताओं ने उप मुख्यमंत्री समेत सीपीएस की नियुक्ति को चुनौती दी थी। याचिका में अर्की विधानसभा क्षेत्र से सीपीएस संजय अवस्थी, कुल्लू से सुंदर सिंह, दून से राम कुमार, रोहड़ू से मोहन लाल ब्राक्टा, पालमपुर से आशीष बुटेल और बैजनाथ से किशोरी लाल की नियुक्ति को चुनौती दी गई है। याचिका में उप मुख्यमंत्री को कैबिनेट मीटिंग में हिस्सा लेने से रोकने के आदेशों की मांग के साथ इसकी एवज में मिलने वाले अतिरिक्त वेतन को वसूलने की मांग भी की गई थी।

**एसबीआई के आवेदन पर 30 दिनों में कार्रवाई करें जिला मजिस्ट्रेट : हाईकोर्ट**

वहीं, प्रदेश हाईकोर्ट ने स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से दायर 6 याचिकाओं को मंजूर करते हुए संबंधित जिला मजिस्ट्रेट को आदेश जारी किए हैं कि वह सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय के दृष्टिगत 30 दिनों के भीतर बैंक के आवेदन पर कार्रवाई बाबत निर्णय लें। हालांकि वह 60 दिनों तक निर्णय लेने की सीमा को बढ़ा सकते हैं लेकिन इसके लिए उसको इस बाबत स्पष्टीकरण देना होगा। हाईकोर्ट ने ऋण वसूली अधिनियम के प्रावधानों का दुरुपयोग करने पर जिलाधीशों की कार्यशाली पर टिप्पणी करते हुए कहा कि सरफेसी एक्ट की धारा 14 के मुताबिक उनकी शक्तियां मामले पर मुकद्दमा चलाने की नहीं हैं बल्कि कार्रवाई करने की हैं। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने पाया कि अनेकों मामलों में जिला मजिस्ट्रेट सरफेसी एक्ट की धारा 14 के तहत आवेदनों का निपटान बैंकों को सहायता प्रदान किए बिना कर रहे हैं। डिफॉल्टर अपनी सुरक्षित परिसंपत्तियों पर कब्जा वापस पाने में लगे हुए हैं और इससे भी बुरी बात यह है कि जिला मजिस्ट्रेट प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उधारकर्ताओं या तीसरे पक्षों को कानून का घोर उल्लंघन करते हुए राहत दे रहे हैं। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा इस तरह के पारित आदेशों को कोर्ट ने शून्य करार देते हुए मुख्य सचिव को आदेश जारी किया कि वह प्रदेश के सभी जिला मजिस्ट्रेटों को उपरोक्त निर्णय के बारे में अवगत करवाएं ताकि वह सरफेसी एक्ट के प्रावधान 14 के तहत उपयुक्त निर्णय लें। बैंक की ओर से हाईकोर्ट के समक्ष यह दलील दी गई थी कि उनके आवेदन पर जिला मजिस्ट्रेट को केवल यह तय करने का अधिकार है कि लेनदार की रेहन रखी जमीन उनके क्षेत्राधिकार में पड़ती है या नहीं और बैंक की ओर से इस जमीन को अपने कब्जे में लेने बाबत क्या बैंक की ओर से सरफेसी एक्ट के प्रावधानों के अनुरूप नोटिस जारी किया है या नहीं? इस प्रावधान के अंतर्गत जिला मजिस्ट्रेट को इस तरह के मामले पर मुकद्दमा चलाने का कोई अधिकार नहीं है।

# रील से हंसाने वाले oye_indori के खिलाफ रेप का केस दर्ज, जानें क्या है पूरा मामला

आवाज प्लस डेस्क



**इंदौर।** रॉबिन जिंदल नामक इंदौर का युवक सोशल मीडिया पर रील बनाकर लोगों को हंसाता है। जिंदल अपनी पोस्ट oye_indori नामक अकाउंट पर पोस्ट करता है। जिंदल पर एक तलाकशुदा महिला ने रेप का केस दर्ज कराया है। इंदौर के एमआईजी पुलिस ने एक तलाकशुदा महिला की शिकायत पर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर रॉबिन जिंदल के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। रॉबिन सोशल मीडिया पर oye_indori नाम से पोस्ट करते हैं। वे जाने-माने रील मेकर हैं। पुलिस ने केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। एमआईजी थाने के जांच अधिकारी सचिन आर्य ने बताया कि एक तलाकशुदा महिला की शिकायत पर रॉबिन जिंदल के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया गया है। महिला ने बताया कि रॉबिन से उसकी मुलाकाल इंदौर में हुई। उसने नेहरू नगर में किराए का फ्लैट दिलाकर लिव इन में रखा। शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार संबंध बनाए। फिर शादी करने से इनकार कर दिया। रॉबिन जिंदल पुत्र मिथिलेश अग्रवाल महालक्ष्मी नगर का रहने वाला है। जिसके खिलाफ एक युवती ने एफआईआर दर्ज कराई है। बता दें कि रॉबिन जिंदल सोशल मीडिया पर हंसाने वाले रील बनाते हैं। वे इस्टाग्राम, फेसबुक और यूट्यूब पर काफी एक्टिव हैं। उनके सोशल मीडिया साइट पर लाखों फॉलोअर हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वो अपनी साथी के साथ नवंबर में इंदौर के एक बड़े होटल में सगाई भी की थी। इसके पहले भी रॉबिन जिंदल चर्चा में थे। इसी मामले में 6 मार्च को युवती की शिकायत के बाद पीड़िता के हाथ-पैर जोड़कर शादी करने के लिए राजी कर लिया था। इसके बाद भी उसकी हरकतों में सुधार नहीं आया। वह पीड़िता से लगातार रेप करता रहा। शुरू में पुलिस ने रॉबिन से सेंटिंग करके मामले को दबाने की कोशिश की लेकिन महिला ने हिम्मत नहीं हारी और फिर से शिकायत कर दी। पुलिस ने जांच के बाद रॉबिन के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है।

## एक नज़र

### माह दिसम्बर की सैनिक बन्धु बैठक सम्पन्न।

**आगरा।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कमाण्डर प्रणय रावत अ प्रा ने अवगत कराया है कि आज दिसम्बर माह की सैनिक बन्धु बैठक, कार्यालय के मुख्य हाल में परियोजना निदेशक, सुश्री रेनू कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, जिसमें भूतपूर्व सैनिकों से जुड़ी हुई समस्यायें सुनी बैठक में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, सुश्री सुकन्या शर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त, श्री टी0के0सिंह अधीक्षक समाज कल्याण आदि।

### राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा आगरा मण्डल के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कल

**आगरा।** कल जनपद आगरा में अपरान्ह 01 बजे यूथ हॉस्टल संजय प्लेस के मीटिंग हॉल में अध्यक्ष (राज्य मंत्री स्तर) उ0प्र0, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग, डा0 देवेन्द्र शर्मा द्वारा आगरा मण्डल के मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। जानकारी संयुक्त विकास आयुक्त शशिमौलि मिश्र ने दी।

### बस ने कार को मारी टक्कर

**आगरा।** रोडवेज बस ने कार में मारी टक्करहाथरस की तरफ फाउंड्री नगर डिपो की रोडवेज बस ने कार में पीछे से मारी टक्करबस की टक्कर से कार सवार लोगों में मची चीख पुकारकार सवार व बस ड्राइवर के बीच हुआ रोड पर हंगामाथाना खंदौली क्षेत्र के हाथरस रोड पर नंदलालपुर की घटना है।

### लपको के खिलाप कार्यवाही जारी

**आगरा।** ताजमहल पूर्वी गेट और पश्चिमी गेट से 04 लपके किए गिरफ्तार जीशान कुरैशी पुत्र इरशाद नि0 18/80 मलको गली थाना ताजगंज आगरा उम्र करीब 27 वर्ष। अजय कुमार पुत्र पप्पू नि0 असद गली थाना ताजगंज कमि0 आगरा राहुल माहौर पुत्र दीप चन्द्र नि0 तांगा अड्डा कुंआ वाली थाना ताजगंज उम्र करीब 18 वर्ष। विष्णु पुत्र बाबू लाल नि0 तांगा अड्डा कुंआ वाली गली थाना ताजगंज कमि0 आगरा उम्र करीब 19 वर्ष ।

### दस लाख का चेक छीन कर लुटेरे फरार

**आगरा।** थाना ट्रांस यमुना क्षेत्र के अंतर्गत मकान खरीदने के नाम पर महिला के साथ हुई धोखाधड़ी,17 लाख में तय हुआ था मकान का सौदा,एडवांस के तौर पर दी गई थी सात लाख की रकम, शेष 10 लाख के दिये गए थे महिला और उसके बच्चो के नाम चेक,बैंक में चेक जमा करने के नाम पर चेक लेकर दो शातिर हुए फरार,फ़ोन करने पर दी बच्चो को जान से मारने की धमकी, धोखे से मकान हड़पने की बनाई थी योजना,महिला और उसके बच्चो को बनाया ठगी का शिकार,महिला ने खटखटाया कानून का दरवाजा, पुलिस ने दोनों शातिरों के नाम मुकदमा दर्ज किया।

### हथौड़ा मारकर तोड़ दी बच्चा के पैर की हड्डी

**आगरा।** थाना खंदौली के बहरामपुर में एक दबंग व्यक्ति द्वारा रास्ते से निकलने पर एक बच्चे के पर में हथोड़ा मार कर हड्डी तोड़ दी गई परिजनों द्वारा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है परिजनों का कहना था कि बच्चा के पैर की डॉक्टरी कराई गई तो डॉक्टर ने फैक्चर बताया है पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### ग्राम पंचायत मई में संकल्प विकसित भारत यात्रा का कार्यक्रम आयोजित किया गया

**एटा।** संकल्प विकसित भारत यात्रा ग्राम पंचायत मई विकास खंड जलेसर जिला एटा यूपी में कार्यक्रम आयोजित किया गया है और हमारे विकास खंड अधिकारी एडीओ ग्राम पंचायत अधिकारी प्रधान सचिव और प्रधान सहायक कृषि विभाग बैंक विभाग स्वास्थ्य विभाग आशा बहिन और आंगनबाड़ी उज्वला योजना जल विभाग स्वास्थ्य विभाग से एएनएम ग्राम प्रधान और जनता के द्वारा कार्यक्रम किया गया है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता के द्वारा भारत संकल्प विकसित भारत यात्रा खबर देने वाले जुगेंद्र पाल सिंह जादौन आदि।

### रात में फसल की रखवाली करने खेत पर गया था किसान सुबह पेड़ पर फंदे से लटका मिला शव

**बदायूं।** उघैती थाना क्षेत्र में गांव करियामई निवासी किसान का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भेजने के साथ जांच शुरू कर दी है। बदायू के उघैती थाना क्षेत्र के गांव करियामई में बृहस्पतिवार सुबह 50 वर्षीय किसान भूप सिंह का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला। उनके परिवार वालों का कहना है कि भूप सिंह की हत्या की गई है। इसके बाद शव को फंदे से लटकाया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसान के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। किसान भूप सिंह खेतीबाड़ी करते थे। परिवार वालों के मुताबिक वह बुधवार रात घर से खाना खाकर फसल रखवाली करने को अपने खेत पर गए थे। वह सुबह घर नहीं आए तो उनका बेटा खेत पर पहुंचा, जहां भूप सिंह का शव एक पेड़ पर फंदे से लटका मिला हुआ था। सूचना पर उनके परिवार वाले रोते-बिलखते हुए मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगाया है। हालांकि अभी उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत की वजह स्पष्ट हो सकेगी।

# बुढ़ापे में शांति धारीवाल की बुद्धि भ्रष्ट हो गए

## पहले दिन विधानसभा पहुंचे बाल मुकुंद आचार्य फिर बरस पड़े

- हवामहल विधायक बाल मुकुंद आचार्य कांग्रेस पर बरसे
- बोले – बुढापे में शांति धारीवाल की बुद्धि भ्रष्ट हो गए
- कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना।

आवाज प्लस डेस्क

**जयपुर।** जयपुर के हवामहल से विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने कांग्रेस के सीनियर विधायक शांति धारीवाल पर हमला बोला है। आचार्य ने कहा कि पूर्व मंत्री और विधायक शांति धारीवाल की बुढ़ापे में बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग आदमी को अब घर बैठकर णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिए। जयपुर शहर की हवा महल सीट से पहली बार विधायक बने बाल मुकुंद आचार्य विधानसभा पहुंचते ही आक्रामक अंदाज में दिखे। उन्होंने कांग्रेस के सीनियर विधायक शांति धारीवाल पर हमला बोला है। आचार्य ने कहा कि पूर्व मंत्री और विधायक शांति धारीवाल की बुढ़ापे में बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। वे कभी कहते हैं यह मर्दों का प्रदेश है और आज सदन के लिए कह रहे हैं कि भजन मंडली आ गई। आचार्य ने कहा कि उन्हें भजन से इतनी आपत्ति क्यों है, भजन अच्छी चीज है। भजन मंडली आ गई है तो भजन करेंगी, सत्संग करेंगी। 36 कौम को साथ लेकर सबका विश्वास जीतेंगी और प्रदेश




का विकास करेंगी।

भाजपा विधायक बाल मुकुंद आचार्य ने कहा कि धारीवाल की मति भ्रष्ट हो गई है। महिलाओं के साथ होने वाले दुष्कर्म के मामले में मर्दों वाला प्रदेश कहने में उन्हें जरा भी शर्म नहीं आई। आचार्य ने कहा कि बुजुर्ग आदमी को अब घर बैठकर णमोकार मंत्र का जाप करना चाहिए। इस तरह के गंदे शब्दों का इस्तेमाल करने के बजाय राम नाम का जाप करना चाहिए और भगवान के भजन करने चाहिए।

कांग्रेस विधायक काली पट्टी बांध कर सदन में आए तो बाल मुकुंद आचार्य ने कहा कि ऐसा करके वे क्या संदेश देना चाहते हैं। प्रदेश में खुशी और प्रसन्नता का माहौल है। प्रदेश से कुशासन चला और सुशासन आ गया है। जनता इन्हें डिलीट कर चुकी है। अब तो समझना चाहिए। देवतुल्य जनता जब डिलीट कर चुकी है तो काली पट्टी बांधकर विरोध करने का क्या तुक है। आचार्य ने कहा कि आज हम प्रदेश के विकास के लिए संगठित हुए हैं। सदन में शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारा सपना है कि कांग्रेस मुक्त भारत बने, जितने भी दलों ने मिलकर गठबंधन किया है, वे महाठग हैं। उन्हें संवैधानिक पदों पर बैठे व्यक्तियों के प्रति कोई सम्मान नहीं है। लोकसभा सांसद पर की गई निलंबन की कार्रवाई के विरोध में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट सहित सभी कांग्रेसी विधायक काली पट्टी बांधकर विधानसभा पहुंचे थे। पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने शपथ लेने के तुरंत बाद डायस से ही सांसदों के निलंबन की निंदा करते हुए कहा कि प्रजातंत्र की हत्या किए जाने पर वे अपनी पार्टी की ओर से पुरजोर विरोध करते हैं। कांग्रेसी विधायक शांति धारीवाल ने व्यवस्था पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि विधानसभा सत्र शुरू होने पर सबसे पहले राज्यपाल का अभिभाषण होना चाहिए। 24 घंटे का नोटिस देकर अचानक सत्र बुला लिया। धारीवाल ने कहा यह कोई भजन मंडली है जो अचानक कह दिया कि शाम को आ जाओ।

# बिहार में BJP को जिताऊ उम्मीदवारों की तलाश

## JDU वाली सीटों पर खास तैयारी, जानिए पूरा प्लान

आवाज प्लस डेस्क




**पटना।** बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) वाली सीटों पर भारतीय जनता पार्टी की खास तैयारी है। इन सीटों के लिए जिताऊ उम्मीदवार परखे जा रहे हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में जेडीयू ने 16 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी। उसमें से भी सीतामढ़ी के सांसद सुनील कुमार पिंटू लगातार सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं। इंडिया गठबंधन की चौथी बैठक में भी नीतीश कुमार के संयोजक बनाए जाने को लेकर चर्चा नहीं हुई। दूसरी तरफ बिहार में भाजपा अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर अब प्रत्याशी तलाशने में जुट गई है। बीजेपी उन क्षेत्रों में कद्दावर और जिताऊ प्रत्याशी की तलाश में है, जिस संसदीय क्षेत्र में पिछले चुनाव में जदयू के प्रत्याशी विजयी रहे थे। पिछले लोकसभा चुनाव में जदयू, भाजपा और लोजपा साथ मिलाकर चुनाव लड़ी थी, जिसमें जदयू के 16 प्रत्याशी विजयी हुए थे और लोजपा के छह प्रत्याशी चुनाव जीते थे।


पिछले चुनाव में एनडीए 40 में से 39 सीटों पर जीत दर्ज की थी, एक सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी विजयी हुए थे। इस स्थिति में भाजपा की नजर उन 17 संसदीय क्षेत्रों पर है जो विरोधियों के कब्जे में है। पिछले चुनाव में जदयू के हिस्से में गई सीटों पर भाजपा की ओर से कई दावेदार हैं। लेकिन, भाजपा जिताऊ उम्मीदवार की तलाश में है।

जदयू पिछले चुनाव में सीतामढ़ी सीट से सुनील कुमार पिंटू को प्रत्याशी बनाई थी। पिंटू हाल ही में जिस तरह जदयू और मुख्यमंत्री के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, ऐसे में तय है कि उनका जदयू से पत्ता साफ होगा।

ऐसे में संभावना है कि वे भाजपा की ओर आ सकते हैं। एनडीए में फिलहाल लोजपा (रामविलास), राष्ट्रीय लोजपा, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक जनता दल हैं। ऐसे में कहा जा रहा है कि भाजपा इस बार किसी भी स्थिति में अपनी सहयोगी पार्टियों के लिए ज्यादा सीट नहीं छोड़ेगी। ऐसे में भाजपा बिहार में विरोधियों के लिए मजबूत किलेबंदी की तैयारी में है।

# मथुरा आगरा के पर्यटकों को हेलीकोप्टर की सेवा से जोड़ने का शुभारंभ करेगे मुख्यमंत्री

आवाज प्लस डेस्क



- जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ने पुलिस आयुक्त के साथ,मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेश्वर में प्रस्तावित कार्यक्रम में संभावित आगमन के दृष्टिगत तैयारियों का लिया जायजा।
- पार्किंग व्यवस्था, मार्ग,बटेश्वर मंदिर व सांस्कृतिक संकुल परिसर का किया निरीक्षण, साफ सफाई,वॉल पेंटिंग,सड़क मरम्मत आदि ।
- पू.प्रधानमंत्री,भारत रत्न स्व. अटल जी के जन्मदिन पर 100 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं की मिलेगी आगरा को सौगात।
- तीन दिवसीय अटल कृषि मेला तथा कृषि प्रदर्शनी का होगा आयोजन

**आगरा।** जिलाधिकारी भानु चन्द्र गोस्वामी ब पुलिस आयुक्त पी सिंह के साथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बटेश्वर में प्रस्तावित कार्यक्रम में संभावित आगमन के दृष्टिगत तैयारियों का जायजा लिया तथा कार्यक्रम स्थल,पार्किंग व्यवस्था, सड़क .मुख्यमंत्री के आगमन के संभावित मार्ग,बटेश्वर मंदिर व सांस्कृतिक संकुल परिसर का निरीक्षण किया, जिलाधिकारी ने नालों की साफ सफाई,वॉल पेंटिंग,सड़क मरम्मत आदि विकास कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के संबंधित को कड़े दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बटेश्वर का भी निरीक्षण किया जहां उचित साफ सफाई न मिलने पर संबंधित को कड़ी फटकार लगाई तथा नियमित साफ सफाई कराने के निर्देश दिए। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर .मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का संभावित आगमन 25 दिसंबर को बटेश्वर में प्रस्तावित है, मुख्यमंत्री द्वारा अटल बिहारी वाजपेयी सांस्कृतिक संकुल केन्द्र के भवन का लोकार्पण तथा परिसर में अटल जी की मूर्ति का अनावरण करेंगे तथा योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण करेंगे। परियोजनाएं संस्कृति व पर्यटन विभाग की है .मुख्यमंत्री आगरा व मथुरा के लिए हेलीपोर्ट सेवाओं के अंतर्गत हेलीकॉप्टर सेवा का शुभारंभ भी करेंगे। मुख्यमंत्री जनसभा को संबोधित करेंगे तथा तीन दिवसीय अटल कृषि मेला तथा कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे तथा लाभार्थियों को सम्मानित करेंगे। निरीक्षण में अपर जिलाधिकारी वित्त व राजस्व, यशवर्धन श्रीवास्तव,अपर जिलाधिकारी प्रशासन अजय कुमार, अपर जिलाधिकारी ना.आ., अपर जिलाधिकारी प्रोटोकॉल, संयुक्त निदेशक पर्यटन, उप निदेशक कृषि, उपजिला मजिस्ट्रेट,जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत , खंड विकास अधिकारी आदि।

# कम बजट में पार्टनर को करें खुश







वैलेंटाइन पर अपने प्यार का अहसास करवाने के लिए लोग अपने पार्टनर को स्पैशल फील करवाते हैं। इस दिन को एन्जॉय करने के लिए पार्टी करते है और किसी अच्छे से होटल में जाकर डिनर या लंच करते हैं। मगर हर कोई इतना खर्चा अफोर्ड नहीं कर सकता। ऐसे में आज हम आपको कुछ टिप्स देंगे, जिसकी मदद से आप पार्टनर के लिए कम बजट में रोमांटिक डेट प्लान कर सकते हैं। अगर आप इस वैलेंटाइन को कम बजट में पार्टनर के लिए स्पैशल बनाना चाहते है तो आप यहां से ढेरों आइडियाज ले सकते है। चलिए आपतो बताते हैं पार्टनर को यूनिक और अलग सरप्राइज देने के लिए कुछ हटके आइडियाज।


## रोमांटिक डेट प्लान आइडियाज

**घर पर कैंडल लाइट डिनरः** महंगे रेस्टोरेंट की बजाए आप पार्टनर के लिए घर पर ही रोमांटिक कैंडल लाइट डिनर प्लान कर सकते हैं। डिनर टेबल को कुछ खास थीम देकर सजाएं। डिनर डेट को खास बनाने के लिए आप केक या अपने हाथ से कोई डिश भी बना सकते हैं। इससे ज्यादा पैसे खर्च भी नहीं होंगे और पार्टनर खुश भी हो जाएगी।

**गाना गाकर करें खुशः** पार्टनर को खुश करने के अपने घर ही रोमांटिक माहौल बनाएं। फिर उनकी पसंद का कोई भी गाना गाकर उन्हें खुश करें। आपके इस गिफ्ट को पार्टनर कभी नहीं भूल पाएगी।

**ऑनलाइन गिफ्ट से करें खुशः** अगर आप अपने पार्टनर से दूर है या आपके पास सरप्राइज प्लान करने का समय नहीं है तो आप उनके लिए ऑनलाइन गिफ्ट प्लान कर सकते है। आप उन्हें कोई प्यारा-सा गिफ्ट करके उन्हें खुश कर सकते है।

**लॉन्ग ड्राइवः** वैलेंटाइन पर पार्टनर को स्पैशल फील करवाने के लिए आप उन्हें लॉन्ग ड्राइव पर लेकर जा सकते है। इसे और भी खास बनाने के लिए आप उन्हें एक गाना डैडिकेट करके कोई लव



रोमांटिक गिफ्ट दे सकते हैं।

**पर्सनल टच वाली चीजः** अगर आप उनके लिए कुछ सिपंल करना चाहते है तो आप उन्हें कोई पर्सनल टच वाली चीज दे सकते है। आप चाहें तो अपने लिए कोई चाहें

मैसेज को रेडियो पर ब्रॉडकास्ट करवा सकते हैं।

**पार्टनर के साथ उठाएं फास्ट फूड का लुफ्तः** लड़कियों को वैसे भी स्ट्रीट फूड खाने का बहुत शौक होता है। ऐसे में आप वैलेंटाइन पर उनके साथ स्ट्रीट फूड का लुफ्त उठा सकते हैं। इससे पैसे भी ज्यादा खर्च नहीं होंगे और पार्टनर भी खुश हो जाएगी।


**डिश बनाकर खिलाएः** वैलेंटाइन पर पार्टनर को खुश करने के लिए आप उनके लिए अपने हाथों से कोई खास डिश बना सकते हैं।

**शायरी लिखनाः** पार्टनर को खुश करने के लिए आप उनके लिए नोट्स या शायरी लिख सकते है। जरुरी नहीं कि आप ऐसी शायरी लिखें जो उनके समझ में भी न आएं। आप उनके लिए छोटे-छोटे प्यार भरे नोट्स लिख कर भी उन्हें वैलेंटाइन पर खुश कर सकते हैं।

**बुक या प्यार भरे मैसेजः** आप चाहे तो कोई नोबल, रोमांटिक बुक या उनकी पसंद की कोई किताब उन्हें गिफ्ट कर सकते हैं। इसमें आप उनके लिए कोई प्यारा-सा मैसेज भी छोड़ सकते हैं।

**डांस करनाः** वैलेंटाइन को खास बनाने के लिए पार्टनर के साथ एक रोमांटिक डांस प्लान करें। इससे आप दोनों के बीच की कैमिस्ट्री और भी अच्छी होगी। डांस करते समय आप कमरे की लाइट को हल्का कर दें। कोई रोमांटिक गाना लगा कर उनके साथ अपनी फिलिंग को शेयर करें।





# लौंग से करें डायबिटीज कंट्रोल

डायबिटीज एक ऐसी बीमारी है, जिसे खत्म नहीं किया जा सकता लेकिन सही डाइट और हाई प्रोटीन फ्रूड्स लेकर डायबिटीज को कंट्रोल किया जा सकता हैं। मगर क्या आपको पता है कि आपके घर में मौजूद लौंग डायबिटीज को कंट्रोल कर सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं कि किस तरह डायबिटीज में लौंग का सेवन फायदेमंद होता है।

**लौंग के औषधीय गुणः** लौंग में बहुत सारे पोषक तत्व होते है जो सेहत के साथ-साथ त्वचा के लिए भी फायदेमंद होते हैं। 2 ग्राम लौंग में 21 कैलोरी, 1 ग्राम कार्बोहाइड्रेट्स, 1 ग्राम फाइबर, 30% मैग्नीज, 4 % विटामिन K और 3% विटामिन C पाया जाता है।



इसके अलावा इसमें कैल्शियम, मैग्नीशियम और विटामिन ई जैसे पोषक तत्व भी पाए जाते हैं। लौंग की तासीर गर्म होती है इसलिए इसका सेवन कई प्रॉब्लम्स से छुटकारा दिलाता है।

**कैसे कंट्रोल करती है डायबिटीज?:** दरअसल, लौंग में नाइजेरिसिन नामक तत्व होता है, जो डायबिटिक पेशेंट में रक्त शर्करा के स्तर को सही रखते हैं। तत्व खून से अवशोषित करने के लिए कोशिकाओं की क्षमता और इंसुलिन का उत्पादन करने की क्षमता भी बढ़ाता है, जिससे डायबिटीज कंट्रोल में रहती है।



**ऐसे बनाए शुगर कंट्रोल ड्रिंकः** यह डायबिटीज के लिए एक बेहतर प्राकृतिक उपाय है। इसके लिए सबसे पहले एक गिलास पानी में 8-10 लौंग को अच्छी तरह उबाल लें। फिर इस पानी को छानकर लौंग को अलग कर दें। इसके बाद कम से कम 3 महीने तक नियमित रुप से इसका सेवन करें। इससे ब्लड शुगर कंट्रोल में रहेगी।

**जरूर लें डॉक्टर से सलाहः** बेशक लौंग का पानी डायबिटीज कंट्रोल करने में मदद करता है लेकिन फिर भी इसका सेवन करने से पहले डॉक्टर से सलाह जरूर लें। साथ ही इस पानी के सेवन के दौरान अपनी दवाओं को बंद ना करें।

## लौंग के अन्य फायदे

**तानव करें दूरः** लौंग के तेल की कुछ बूंदें पानी में मिलाकर नहाने से शरीर का तनाव दूर होता है। इसके अलावा लौंग वाली चाय पीन से भी स्ट्रेस, तनाव और सिरदर्द की समस्या दूर हो जाती है।

**जोड़ों के दर्द से राहतः** जोड़ों में दर्द, सूजी हुई मांसपेशियों और गठिया के दर्द से राहत पाने के लिए लौंग के तेल में ऑलिव ऑयल मिलाकर दिन में 2 बार मालिश करें। इससे दर्द गायब हो जाएगा।

**एसिडिटी से राहतः** गलत खान-पान के कारण गैस की समस्या हो जाती है लेकिन इसके लिए रोज दवाओं का सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में इसकी बजाए आप भोजन के बाद 1 भुनी हुई लौंग चबाएं। इससे एसिडिटी और सीने की जलन दूर होगी।

**सर्दी-जुकामः** इस मौसम में सर्दी-जुकाम की समस्या होती रहती है। ऐसे में 2 लौंग भुनकर मुंह में रखने से सूखी खांसी, कफ जैसी प्रॉब्लम दूर होती है। इसके अलावा इससे गले की सूजन भी दूर रहती है।

**मसूड़ों में दर्दः** रूई के छोटे से गोले में लौंग का तेल लेकर दर्द दांत और उसके आस-पास के मसूड़ों पर हल्के हाथों से लगाएं। इसेस कुछ देर में दर्द कम हो जाएगा।

# भोजन में पौष्टिकता का रखें ध्यान



हमारे भोजन का सीधा संबंध हमारी सेहत से है। यानी भोजन जितना पौष्टिक होगा, हमारी सेहत उतनी ही दुरुस्त रहेगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाओं के तीव्र विकास और विस्तार के बावजूद देश के अस्पतालों में मरीजों की संख्या में दिन-प्रतिदिन बढ़ोत्तरी होती जा रही है। इसका प्रमुख कारण हमारे दैनिक खानपान में नमक, तेल और चीनी की बढ़ती मात्रा है। शारीरिक श्रम के अभाव और आरामदायक दिनचर्या के कारण शरीर में बड़े पैमाने पर विषैले तत्व एकत्रित हो जाते हैं, जो अनेक गंभीर बीमारियों को जन्म देते हैं।

**नुकसान पहुंचाने वाले खाद्य पदार्थः** परंपरागत भारतीय खानपान के स्थान पर आधुनिक और पाश्चात्य शैली पर आधारित रेडी-टू-ईट, पैकेज्ड या डिब्बाबंद खाद्य पदार्थ, जंक फूड और फास्ट फूड के सेवन से हमारे शरीर में हानिकारक तत्वों की वृद्धि होती है। जंक फूड और फास्ट फूड में ट्रांसफैट, शुगर, सोडियम और लेड जैसे खतरनाक रसायनों का प्रयोग कर उसे टेस्टी तो बनाया जाता है, लेकिन वह हेल्दी नहीं रह जाता। इससे मनुष्य की भूख तत्काल तो मिट जाती है, परन्तु शरीर की पोषण से संबंधित जरूरतों की पूर्ति नहीं हो पाती। इसमें प्रोटीन, विटामिन, मिनरल्स आदि पोषक तत्वों का अभाव होता है। नुकसान की बात करें, तो इसमें ट्रांसफैट, सिंथेटिक कलर, एसेन्स के रूप में रासायनिक पदार्थों और शुगर की काफी मात्रा होती है। इसमें फाइबर का अभाव और चिकनाई की अधिकता होने के कारण इसके सेवन से पाचन तंत्र भी बुरी तरह से प्रभावित होता है।

**प्रतिरोधक क्षमता का रखें ध्यानः** आवश्यक पोषक तत्वों के अभाव के कारण शरीर की प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है। नमक, तेल, चीनी और हानिकारक तत्वों की बढ़ती मात्रा के कारण मोटापा, शुगर, ब्लडप्रेशर, कैंसर, किडनी, कब्ज, लिवर जैसी अनेक बीमारियां बड़े पैमाने पर हो रही हैं। एक अनुमान के मुताबिक, 60-70 प्रतिशत बीमारियां मनुष्य की अनियमित दिनचर्या, असंतुलित एवं असुरक्षित खान-पान के कारण होती हैं। वैज्ञानिक सर्वेक्षण से ज्ञात हुआ है कि मनुष्य अपने दैनिक खानपान में शारीरिक आवश्यकताओं की तुलना में लगभग दोगुना नमक, तेल, और चीनी का सेवन करता है।

**खाएं घर की बनी चीजेंः** महानगरों में भागदौड़ भरी जीवनशैली और काम के तनाव के कारण युवा घर पर निर्मित खाद्य पदार्थों के सेवन की बजाय मार्केट में उपलब्ध रेडी-टू-ईट खाद्य पदार्थों का सेवन कर भोजन संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। परन्तु होटल और टिफिन वाले भोजन में पौष्टिकता की बजाय स्वाद पर बल दिया जाता है। इसीलिए स्वाद और फैशन के चक्कर में खाद्य पदार्थों के निर्माण में टेस्ट मेकर, हानिकारक रसायनों, सिंथेटिक कलर, वसा, शुगर, ट्रांस फैट आदि का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर किया जाता है। हम स्वाद के चक्कर में यह भूल ही जाते हैं कि ऐसे भोजन के सेवन से अनेक खतरनाक बीमारियां जन्म लेती हैं।

**बरतें सावधानीः** छोटी-छोटी सावधानी बरतकर देश में खाद्यजनित बीमारियों, कम पोषण, सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी और मोटापे व गैर-संचारी रोगों की बढ़ती घटनाओं को नियंत्रित किया जा सकता है। मौसमी फल-सब्जियों के सेवन से शरीर को आवश्यक पोषक तत्वों की आपूर्ति होती है। दैनिक खान-पान में फोर्टीफाइड फूड के सेवन और संतुलित व सुरक्षित खाद्य सामग्री के प्रयोग से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि होती है और आप खुद को अधिक स्वस्थ महसूस करते हैं।

**अभियान की जरूरतः** देश में स्वास्थ्य संबंधी बढ़ती चुनौतियों से निपटने के लिए भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) आम जनमानस को सुरक्षित और संतुलित खाद्य पदार्थों के सेवन तथा खाद्य कारोबारकर्ताओं द्वारा सुरक्षित खाद्य पदार्थ निर्माण हेतु जागरुकता कार्यक्रम के अंतर्गत ईट राइट इंडिया मूवमेंट चला रहा है। इसके तहत आम जनमानस को सही और गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों के विषय में जानकारी प्रदान की जा रही है।

**लें सुरक्षित व सेहतमंद आहारः** ● सुरक्षित व सेहतमंद आहार लें, क्योंकि वही अच्छे स्वास्थ्य का आधार होता है। ● फोर्टीफाइड फूड का सेवन करें। ● चमकीले और रंगीन खाद्य पदार्थों के सेवन से बचें। ● फल और सब्जियों का सेवन सदैव धोकर करें। ● फलों पर स्टीकर का प्रयोग न करें। ● पौष्टिक भोजन, स्वस्थ जीवन पर ध्यान दें। ● डिब्बाबंद खाद्य पदार्थों के उपयोग से पूर्व लेबल अवश्य देखें। ● अखबार एवं पॉलिथिन का प्रयोग खाद्य पदार्थों को रखने के लिए न करें। ● कटे-सड़े-गले फल एवं सब्जियों का सेवन न करें।

# अपने खूबसूरत नजारों की वजह से केरल हुआ दुनिया के बेहतरीन ट्रैवल डेस्टिनेशन में शामिल



चारों ओर फैली प्राकृतिक खूबसूरती, अनोखा कल्चर, वाइल्डलाइफ, हाउसबोट्स, बीच का नज़ारा और जायकेदार खाना, ऐसी कई सारी खूबियों से भरा हुआ है भारत का केरल राज्य। शायद इसलिए ही इसे God s own county का नाम दिया गया है और इन्हीं खूबियों के चलते सीएनएन ने केरल को 2019 में घूमने-फिरने के लिए बेहतरीन 19 टूरिस्ट डेस्टिनेशन में शामिल किया है। वैसे तो केरल में हनीमून कपल्स ज्यादा देखने को मिलते हैं लेकिन अगर आप रिलैक्सिंग वेकेशन के साथ एडवेंचर का भी शौक रखते हैं तो केरल से बेहतरीन दूसरी कोई जगह नहीं। हालांकि पिछले साल आए बाढ़ से यहां काफी नुकसान हुआ था लेकिन फिर भी CNN के टॉप 19 ट्रैवल डेस्टिनेशनंस में केरल ने अपनी जगह बनाई है ये काबिलेतारीफ है। यहां की हर एक जगह अलग-अलग खासियत लिए हुए है। जहां कोव्वलम सर्फिंग के लिए तो वहीं वरकला रिलैक्सिंग के लिए बेस्ट जगहें हैं। ऐसे ही मुन्नार में चारों ओर फैली मसालों की खुशबू और चाय के बागान आपका दिल जीत लेंगे। अलेप्पी में शानदार बीच देखने के साथ ही कृष्णापुरम पैलेस, अंबालापुक्षा श्री कृष्ण मंदिर जरूर देखें।




# बच्चों के लिए घर से बाहर निकलकर खेलना बहुत जरूरी

कम्प्यूटर गेम्स के युग में बच्चों के लिए घर से बाहर निकलकर पड़ोसी बच्चों के साथ खेलना बहुत जरूरी हो गया है। एक नए अध्ययन में खुलासा हुआ है कि बच्चों को घर से स्कूल भेजने वाले परिजन सोच सकते हैं कि बच्चों को संगठित खेलों और शारीरिक गतिविधियों में व्यस्त कर वे फिट रहते हैं, लेकिन युवाओं को इसकी और ज्यादा जरूरत होती है। राइस यूनिवर्सिटी की लॉरा कबीरी सहित शोधकर्ताओं ने कहा कि समस्या इस बात को जानने को लेकर है कि आखिर कितनी सक्रियता संगठित जीवनशैली के लिए जरूरी है। शोधकर्ताओं ने कहा कि परिजनों को अपने बच्चों को प्रतिदिन शारीरिक गतिविधियों के लिए और ज्यादा समय देना चाहिए. कबीरी ने कहा कि परिजन जानते हैं कि अगर वे अपने बच्चों को तेज सांस लेते हुए और पसीना छोड़ते हुए नहीं देखेंगे तो इसका मतलब वे पर्याप्त परिश्रम नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तो शारीरिक गतिविधियों के लिए और अवसर होने चाहिए. अपने बच्चों को बाहर लाएं और उन्हें दौड़ने, पड़ोसी बच्चों के साथ खेलने दें और उन्हें बाइक्स चलाने दें। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, बच्चों को एक दिन में मुख्य रूप से एक घंटे की एरोबिक गतिविधि करनी चाहिए। लेकिन अन्य शोधों में पाया गया कि गैर-कुलीन स्पोर्ट्स में शामिल बच्चों को सिर्फ 20-30 मिनट में ही पर्याप्त परिश्रम कर लिया था। जर्नल ऑफ फंक्शनल मोफरेलॉजी एंड किनेसिओलॉजी में प्रकाशित अध्ययन के लिए शोधकर्ताओं ने अपने शोध में घर में पढ़ाई करने वाले 10-17 साल के 100 बच्चों को शामिल किया।

# वर्क प्लेस में रखें क्रिस्टल ग्लोब, दुर्भाग्य करेगा दूर

रिलिजन डेस्क, फेंगशुई में ऐसी बहुत सी चीजों के बारे में बताया गया है, जिन्हें घर में रखने से एजुकेशन, बिजनेस या करियर से जुड़ी कई तरह की परेशानियां खत्म हो सकती है। ऐसी ही चीज है क्रिस्टल ग्लोब। जिन लोगों की प्रोफेशनल लाइफ ठीक नहीं चल रही है, उनको अपने वर्क प्लेस में क्रिस्टल ग्लोब जरुर रखना चाहिए। इससे उन्हें फायदा पहुंचेगा। आइए जानते है क्रिस्टल ग्लोब के फायदो के बारे में-

**बिजनेस में पहुंचेगा फायदाः** अगर आपको काम में तरक्की नहीं हो रही है तो अपने ऑफिस की टेबल या शॉप में क्रिस्टब ग्लोब रखने से फायदा हो सकता है।इससे निकलने वाली पॉजिटिव एनर्जी बिजनेस को बढ़ाने में सहायक हो सकती है। ●**स्टूडेंटस के लिए मददगारः** फेंगशुई के अनुसार, पढ़ने वाले बच्चों को अपने कमरे में क्रिस्टल ग्लोब रखना चाहिए। इससे उनकी मेमोरी शार्प होती है। ●**सही दिशाः** वैसे तो क्रिस्टल ग्लोब किसी भी दिशा में रखा जा सकता है, लेकिन इसे दक्षिण या दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना ज्यादा अच्छा माना जाता है। ●**रंग का रखें ध्यानः** क्रिस्टल ग्लोब का मेटल रंग गोल्डन रंग का होना चाहिए। इसलिए क्रिस्टल ग्लोब लेते समय मेटल रिंग के रंग का ध्यान जरूर रखें। ●**पारिवारिक परेशानियां होंगी कमः** अगर घर के सदस्यों के बीच किसी भी तरह की परेशानी चल रही है तो क्रिस्टल ग्लोब को घर के ड्राइंग रूम में रखें। ●**कैसे करें उपयोग?:** क्रिस्टल ग्लोब को प्रयोग में लाने से पहले 24 घंटे के लिए स्टैंड से खोलकर नमक के घोल में रख देना चाहिए, फिर साफ पानी से धोकर कांच के बर्तन में रखकर सुबह की धूप में दो-तीन घंटे सुखाना चाहिए।

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
आवाज प्लस
समाज में प्रभावी आगाज़

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक संजीव श्रीवास्तव द्वारा एफ एफ 01, बसंत बिहार कॉलोनी, दुबग्गा, लखनऊ- 226003 (उ0प्र0) भारत से मुद्रित व अमर उजाला पब्लिकेशन लिमिटेड, बी 5, अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ, उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

**सम्पादक - संजीव श्रीवास्तव**

हिंदी दैनिक आवाज प्लस में प्रकाशित किसी भी प्रकाशित सामग्री से संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं। आवाज प्लस से संबंधित किसी भी प्रकार का विवादों का न्यायिक क्षेत्र सिर्फ लखनऊ न्यायालय की मान्य होगा।

**प्रबन्ध कार्यकारिणी**
सम्पादकीय प्रभारी - अमित त्यागी
प्रशासनिक प्रभारी - अभिषेक सिंह
कार्यकारिणी सम्पादक - सुदीप द्विवेदी
सह सम्पादक - अल्तमश खान
प्रबन्ध निदेशक - नितेश सिंह राठौर
विधि सलाहाकार - रोशन खत्री

**प्रशासनिक कार्यालय**
**आवाज प्लस मीडिया हाउस**
256 बी, एलडीए कॉलोनी कॉलोनी,
लखनऊ 226012 उत्तर प्रदेश (भारत)
संपर्क नंबर -8009927772